वे रख गये हों उनको अपने अपने मेजर के मुताबिक छाँटकर दूसरी गली में रखना चाहिए जैसे तस्वीर में दिया है।

प्रत्येक नया पैरा जब कम्पोज़ करना शुरू किया जाता है तो एक एम क्वाड रखने से काम शुरू किया जाता है और इसको इन्डेन्ट कहते हैं। इस इन्डेन्ट डालने का आम कायदा यह है कि अगर १८ एम मेजर हो तो एक एम काफ़ी है और इससे ऊपर २४ एम तक डेढ़ एम, और २४ एम से ऊपर दो एम।

हाथ से कम्पोज़ करने के लिए यह ज़रूरी है कि हरएक लाइन के दोनों तरफ हाफ एम या एन क्वाड डाला जाय। कम्पोज़ करते वक्त अगर कोई हरफ टूटता हो और उसका तोड़ना मंजूर न हो, तो उस लाइन के बीच के थिन स्पेस निकाल कर मिडिल स्पेस कर दिये जाते हैं जिससे जगह खुल जाती है और तब वह हरफ कम्पोज़ करके बिठा लिया जाता है।

अच्छी कम्पोज़िंग करने के लिए यह जरूरी है कि हरएक लफ्ज़ के बीच में बराबर स्पेस दिया जाय। बाज़ सुस्त कम्पोज़िटर और अक्सर पीस कम्पोज़िटर बहुत स्पेस डाल देते हैं। इससे उनको तो जरूर यह फायदा होता है कि वह ज्यादा काम निकालते हैं मगर लाइनें बड़ी खराब दिखती हैं और यह काम खराब समझा जाता है।

दो लाइन के बीच में अगर स्पेस या जगह देनी हो तो धात की पतली पतली छड़ जिसको कि लेड कहते हैं, डाल दी जाती है। यह

मुद्रण कला की वृद्धि हो और यह संसार की जनता के लिए समृद्धि लावे	मुद्रण कला की वृद्धि हो और यह संसार की जनता के लिए समृद्धि लावे
लेड डाला हुआ मैटर	**बगैर लेड के मैटर**

छड़ें पड़ा हुआ मैटर लेडेड कहलाता है और वह मैटर जिसमें कि यह नहीं होता है सॉलिड कहलाता है।

लेड उसी धात का ढलता है जिसका कि टाइप ढाला जाता है। मगर लेड की धात बहुत मुलायम होती है। इसका जिक्र दूसरे अध्याय में हो चुका है। लेड चौड़ाई में तो $^1/_8$ इंच होता है मगर मोटाई में चार पाँच नाप का होता है। जैसे कि ३ प्वाइंट और २ प्वाइंट वगैरह

[illegible] और [illegible] [illegible]।

[illegible] जाते हैं [illegible] [illegible] और आप [illegible] [illegible] [illegible] है कि [illegible] [illegible]


[illegible] कटर


[illegible] [illegible] [illegible]।

[illegible] आता है। [illegible] और [illegible] [illegible] है। [illegible] में [illegible] जिस नाप का [illegible] है। अब नयी मशीनें भी मिलती हैं जिनमें [illegible] जाता है और आप [illegible] आप जिस नाप का चाहें बना [illegible] है। इस काम के लिए ये मशीनें बहुत अच्छी साबित हुई हैं [illegible]

राउण्ड स्लग कटर

एलराट और दूसरी मोनोटाइप। इन दोना मशीना म लगातार लेड हरएक साइज का और मोटाई में सच्चा निकलता जाता है।





मोनोटाइप कास्टर

राउज मीटरिंग मशीन

इनम मल्न मटिल म अच्छा लेड नही निकलता। अच्छा लेड वह होता है जो कि घुमान से टूट नही और शुरू से आखीर तक एक मोटाई का हो। हाथ के मोल्ड म पहले दो चार लेड ढालने के बाद पूरे मोल्ड में सीसा दौड़ता है और जबतक गरम न हो जाय अच्छा लेड नही निकलता। कभी कभी ऐसा होता है कि मोल्ड म सीसा आखीर तक नही दौड़ता। अगर ऐसी हालत हो तो मोल्ड के दोनो पहलो को चिराग के ऊपर रख कर हल्का सा काजल दौड़ा लेना चाहिए। इससे सीसा पूरीतौर से दौड़ने लगता है।

हाथ के मोल्ड बहुत आसानी से कोई अच्छा कारीगर बना दे सकता है। खाली इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जिस वक्त

मसाले के साथ मिला कर लिया जाये। भीतर की जगह की ऊँचाई बिलकुल सही रहनी चाहिए। भाप के मोल्ड में लैड भरने से पहले गरम वहीं रहता है। इससे जो मसाला है वह राख सा हो कर सख्त हो जाता है। यह मोल्ड फिर भट्ठी में रख कर सुखाया जाता है। अब मोल्ड में लैड भरने के लिए यह मोल्ड आसानी से हो सकता है।

लेड का मोल्ड कुछ आगे जा कर टेक के ऊपर नीचे चुनाई रहता है। उस वक्त बहुत ढला लेड का सफ़ा कभी नमी वाला हो जाये तो उसे हलका कर सीधा कर साफ़ कर लिया जाता है।

इलेक्ट्रोटाइप लेड ढालने की मशीन

दूसरी तरकीब यह है कि सख्त मट्टी से मोल्ड का पालिश कर देनी चाहिए। यह भी बहुत अच्छी तरकीब है। ढालने वक्त जब मोल्ड बहुत गरम हो जाता है उस वक्त उसके मुँह पर एक ठंडा पानी के फुहार से छुआ देना चाहिए इससे काम जल्दी हो जाता है।

अब यह मालूम हो कि किस काम के लिए कितना लेड खर्च होगा? इसका हिसाब लगाने का एक मामूली तरीका यह है।

एक सफ़े की लम्बाई को चौड़ाई से गुणा करो और इससे जवाब को उस नम्बर की एक की लम्बाई से भाग दो तो कुल लेड का वजन निकल आवेगा। अगर १०० पाउंड लेड का खर्च मालूम

हो तो १२० पाउंड मँगाना अच्छा होता है। लेड का वजन नीचे लिखा है।

लेड की तादाद फी पाउंड

लम्बाई	३ प्वाइंट	२ प्वाइंट	१½ प्वाइंट	लम्बाई	३ प्वाइंट	२ प्वाइंट	१½ प्वाइंट
४ एम	१४४	२१६	२८८	२५ एम	२३	३४	४६
५ —	११५	१६८	२२४	२६ —	२२	३३	४४
६ —	९६	१४४	१९२	२७ —	२१	३१	४२
७ —	८२	१२३	१६४	२८ —	२०	३०	४०
८ —	७२	१०८	१४४	२९ —	२०	०	४०
९ —	६४	९६	१२८	३० —	१९	२९	३८
१० —	५६	८४	११२	१ —	१९	२८	३८
११ —	५२	७८	१०४	३२ —	१८	२७	३६
१२ —	४८	७२	९६	३३ —	१७	२६	३४
१३ —	४४	६६	८८	३४ —	१७	२५	३४
१४ —	४१	६१	८२	३५ —	१६	२४	३२
१५ —	८	५७	७६	३६ —	१६	२४	३२
१६ —	३६	५४	७२	३७ —	१५	२३	३०
१७ —	३४	५१	६८	३८ —	१५	२२	०
१८ —	३२	४८	६४	३९ —	१५	२२	३०
१९ —	३०	४५	६०	४० —	१४	२१	२८
२० —	२८	४२	५६	४१ —	१४	२१	२८
२१ —	२७	४०	५४	४२ —	१४	२१	२८
२२ —	२६	३९	५२	४३ —	१३	२०	२६
२३ —	२५	३७	५०	४४ —	१३	१९	२६
२४ —	२४	३६	४८	४५ —	१३	१९	२६

[illegible]



[illegible]

[illegible] और [illegible] । [illegible] । [illegible] और [illegible] इस्तेमाल [illegible] । [illegible] और [illegible] । [illegible] । [illegible] भी [illegible] जाता है।

[illegible] और [illegible] । [illegible] इस्तेमाल किया जाता [illegible] की [illegible] । [illegible] इस्तेमाल [illegible] की [illegible]
८० [illegible] है।

अक्सर [illegible] भी [illegible] जगह [illegible] की जरूरत


पड़ती है तो ऐसी जगह पर कोटेशन फर्निचर या रेगलेट लगाए जाते हैं।

१ प्वाइंट
२ प्वाइंट
३ प्वाइंट
६ प्वाइंट
१२ प्वाइंट

लेड की किस्में

कोटेशन बड़े क्वाड को कहते हैं जो कि अन्दर खोखला ढाला जाता है और वह आम तौर में इन नापों का बनाया जाता है।


१½ एम × ४ एम
२ एम × ४ एम
३ एम × ४ एम
४ एम × ४ एम



क्वाड कोटेशन रखने की अल्मारी ८१

कोटेशन और नाप के भी बनते हैं मगर आमतौर से ये ही इस्ते

माल होता है। इनके रखने के लिए खाने बनाने चाहिए जिनमें कि हरएक साइज़ के अलग अलग रहें और वक्त पर फौरन मिल जायें। इसलिए उस अलमारी के ज़्यादा काम रहता है जो कि ... के बराबर




बाडर एलमेंट, रूल वगैरह रखने की अलमारी

ऊँची हो और चुनाई में ६ प्वाइंट ८ प्वाइंट १० प्वाइंट के बराबर हो। लम्बाई के लिए उसको जिस नाप की ज़रूरत हो काट के रख

सकते हैं। यह बड़े सफे या लाइन के स्पेस देने के अलावा फर्मा कसने में भी काम आती है जो आगे लिखा मिलेगा।

कोटेशन की तरह इनको भी हरएक नाप के खाने में रखना चाहिए। क्योंकि यह सब चीज़ें जितनी अलहदा और कायदे से रक्खी जायेंगी उतनी ही जल्दी और आसानी से मिल जायेंगी जिसमें वक्त बिल्कुल ज़ाया नहीं होगा। ज़रा ज़रा सा भी वक्त बचाने में बहुत फायदा होता है।

हमारे हिन्दुस्तान में अभी तक ज्यादातर सागौन की लकड़ी का फर्नीचर इस्तेमाल किया जाता था। यह भी पाइका एम के हिसाब से रक्खा गया है। रेगलेट और लकड़ी के फर्नीचर में सिर्फ यह फर्क है कि फर्नीचर तीन एम पाइका से पतला नहीं होता बल्कि और बड़ा भी होता है और रेगलेट ३ एम पाइका तक यानी २४ प्वाइंट मोटा होता है। फर्नीचर भी टैप के बराबर ऊँचा होता है। इसका काम भी वही है जो रेगलेट का है। यह सिर्फ ज्यादा जगह देता है। इसको भी हरएक नाप के खाने में रखना ज़रूरी है।



स्टील या लोहे का फर्नीचर

कुछ दिनों से लकड़ी के फर्नीचर की जगह लोहा और एल्यूमिनियम

का फर्निचर इस्तेमाल किया जाता है। इस फर्निचर में हालांकि शुरू में कुछ ज्यादा दाम लगते हैं मगर उन कामों में जो कि अच्छा और कई रंग का करना हो वक्त कम लगता है और काम सच्चा होता है। एक बड़ी भारी बात यह है कि लोहा या एल्यूमिनियम लकड़ी की तरह घटना बढ़ना या टेढ़ा नहीं होता। इसको मेटल फर्निचर कहते हैं। यह ठोस ढला हुआ नहीं होता बल्कि बीच का हिस्सा नीचा होता है जिससे कि भारी न रहे जैसा कि तसवीर में दिखाया गया है।



फर्निचर उठाने की तरकीब

पीतल का रूल

पीतल का रूल जिसको आमतौर से छापेखाने में खास रूल कहते हैं शानदार काम में या कालमदार शक्ल में इस्तेमाल किया जाता है। शुरू में यह रूल पूरा छड़ में से काम के हिसाब से काट काट कर इस्तेमाल किया जाता था और अब भी हिन्दुस्तान में इसी तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। मगर अमरिका और जर्मनी वगैरह विलायत के देशों में और हिन्दुस्तान के उन अच्छे छापेखानों में जहाँ कि कायदे से काम किया जाता है और इसकी फिक्र रहती है कि कम खर्च में हरएक काम अच्छा किया जाय वह लोग हरएक नाप का रूल काट कर एक बक्स के खाने में रख लेते हैं। इसको अंग्रेजी में लेबर

सेविंग रूल कहते हैं जिसके माने हैं मेहनत बचाने वाला। पीतल

पीतल के रूल के नमूने

का रूल टाइप के बराबर ऊँचा होता है। परफोरेटिंग यानी छेद करनेवाला रूल टाइप की ऊँचाई से ज़रा कम होता है।

आम रूल दो किस्म के होते हैं एक सादा, दूसरा नक्काशीदार। रूल [illegible] इंग्लैण्ड में और हिन्दुस्तान में [illegible] के हिसाब से, जर्मनी में [illegible] के हिसाब से और अमरिका में [illegible] के हिसाब से बिकते हैं। हालाँकि [illegible] में [illegible] सादे में [illegible] मोटे रूल [illegible] और [illegible] है मगर आम तौर से [illegible] प्वाइन्ट और २ प्वाइन्ट का रूल [illegible] काम में बहुत ज्यादा काम आता है। ३ प्वाइन्ट भी अक्सर काम आता है। और नाप के भी [illegible] तरह तरह के कामों में इस्तेमाल किए जाते हैं। रूल का नीचे का हिस्सा प्वाइन्ट के हिसाब से पूरा होता है मगर सीधी तरफ (यानी वह तरफ जिस तरफ से छापा जाता है) महीन मगर निकली रहता है। इसके नमूने ऊपर दिए हैं।




नक्काशीदार रूल के नमूने

चूंकि रूल के दोनों तरफ नीचे और ऊपर दो तरह की शक्ल होती है इससे वही रूल अगर उलट कर छापा जाय तो काला छपेगा।

कई तरह के रूल मिलाकर छापने में निहायत खूबसूरत तर्ज छप सकता है। इसके नमूने नीचे दिए हैं।

अखबार में एक एक कालम के बाद रूल दिया जाता है और वह कॉलम रूल कहलाता है। यह आमतौर से ६ प्वाइंट मोटा होता है और कभी कभी ८ प्वाइंट भी होता है। मगर उसके सीधी तरफ का किनारा डेढ़ प्वाइंट रूल की तरह यानी बीच में महीन होता है। इसके लगाने में दोनों तरफ खाली जगह दिखाई देती है और बीच में लकीर हो जाती है। आमतौर से पीतल का रूल बड़ी कैंची से काटते हैं। मगर उसमें यह रूल कटर की तरह सफाई से नहीं कट सकता। रूल कटर का नक्शा खंड के बयान में पहले दिया जा चुका है।

इसी रूल-कटर से पचासों तरह के नाप के रूल काट के रख लिए जाते हैं।



बने हुए पीतल के रूल

अक्सर पीतल के रूल से गोल, चौकोर वगैरह शक्लें बनाई जाती हैं।

चूंकि ब्रास रूल जिस हालत में खरीदा जाता है, आसानी से घूम नहीं सकता इसलिए यह सब चीजें बनाने के लिए उसे थोड़ा आग में गर्म कर लिया जाता है और तब वह मुलायम हो जाता है।

रूल ढालने के लिए मशीन भी आती है। जैसे कि टाइप ढलता है, ऐसे ही यह उसी धातु का (यानी जिससे टाइप बनता है) ढाला जाता है और यह उन्हीं मसालों पर लगता है जिसपर कि टाइप ढलता है। यह मशीन सिर्फ बड़े छापखानेवाले रखते हैं जिनके पास कि रूल का बड़ा खर्च है और हर वक्त नए रूल की जरूरत होती है।

अक्सर रोजमर्रा के काम में कोना मिलाने के लिए दो रूल काम में लाए जाते हैं। क्योंकि जबतक इनके कोने तिर्छे कटे हुए न हों तब







हाथ से मीटर या तिर्छा काटने की आरी

तब ठीक जोड़ नहीं मिलता। इसको काटने के लिए एक मशीन होती

है जिसको अंग्रेजी में मीटरिंग मशीन कहते हैं। यह रूल व तिर्छे कोन काटती है। इसकी तसवीर नीचे दी गई है।



राउज मीटरर



कम्पोजिंग रूम का एक दृश्य



पाइका-गेज




स्टूल

कम्पोज़ किए हुए मैटर का मेज़र और लम्बाई नापने के लिए रूल की ज़रूरत होती है जिसमें प्वाइंट और पाइका यानी १२ प्वाइंट के निशान बने रहते हैं। यह पाइका-गेज कहा जाता है। यह बहुत ही जरूरी चीज़ है और हरएक कम्पोज़िंग रूम में एक दो होने चाहिए। इस रूल से एक और कम्पोज़ मैटर के ऐब की जांच हो सकती है। वह यह है कि अक्सर घर के रूल टाइप में और लाइनोटाइप के मैटर में गलती की वजह से मैटर टेढ़ा हो जाता है यानी एक तरफ कुछ ज्यादा लम्बा हो जाता है। यह टेढ़ापन इस रूल से बहुत आसानी से पकड़ा जा सकता है। एक इंच चौड़े एक सूत मोटे लोहे की कुनिया के पाए के स्टूल इस्तेमाल करने से बीमा करम मरम्मत की जरूरत नहीं होती। ऐसे स्टूल का नमूना ऊपर दिया गया है।



हाथ की धौंकनी

हमारे मुल्क में गर्द की कमी नहीं और यह गर्दा छापखाने के काम का दुश्मन है।



लेड, रूल और बड़े लकड़ी या लोहे के टाइप
के रखने के लिये रैक

अगर बराबर सफ़ाई न की जाय तो कोई काम अच्छा नहीं हो सकता। इसके लिए धौंकनी से बढ़कर कोई अच्छी चीज़ नहीं। छोटे प्रेसों के लिए हाथ की धौंकनी जिसकी तसवीर पिछले पृष्ठ पर दी हुई है और बड़े प्रेसों के लिए जो कुछ रुपया खर्च कर सकें तो मोनोटाइप मशीन का कम्प्रेसर बहुत काम की चीज़ है। एक और छोटी मशीन जिसको वक्यूम क्लीनर कहते हैं केस में से गर्दा खींचने के लिए बहुत इस्तेमाल में लाई जाती है। कम्प्रेसर और वक्यूम क्लीनर दोनों बिजली से चलते हैं।



ब्लाक और स्टीरियो प्लेट के कसने का सामान। इनको मिस्त्री बना भी सकते हैं


ब्लाक या स्टीरियो प्लेट छापने के लिए आमतौर से लकड़ी पर अक्सर फर्मे कस जाते हैं। इनके इस्तेमाल से आगे लिखी हुई बातों में बहुत वक्त नष्ट होता है। ब्लाक या स्टीरियो की लकड़ी फर्मा कसने के पहले अच्छी मोटाई बनानी पड़ती है। ब्लाक को टाइप हाई मशीन पर सच्चा टाइप हाई करना पड़ता है। अगर ब्लाक में कुछ भी गड़बड़ हो तो नीचे या ऊपर और लकड़ी के बीच में कागज लगाना पड़ता है जिससे कि सच्चा हो जाय। फर्मे की धमक से कभी कभी लकड़ी फूल आती है और छपाई में गड़बड़ होने लगती है। जितनी दफा लकड़ी पर जमा हुआ ब्लाक छपने जाता है उतनी ही बार ऊपर लिखी हुई बातें फिर से करनी पड़ती हैं। ये सब बातें देखकर जिस किसी के यहाँ ब्लाक का काम ज्यादा होता हो उनको ये सामान जरूर मँगा कर
६२ रखना चाहिए और इस्तेमाल करना चाहिए। शुरू में कुछ खर्च जरूर होगा लेकिन बाद को समय की बहुत बचत होगी।

चौथा अध्याय


मशीन से कम्पोज करना

हम पहले लिख चुके हैं कि हाथ से कम्पोज कैसे किया जाता है। मगर यह लिखना भी जरूरी है कि हाथ के अलावा और कैसे कम्पोज किया जा सकता है। उन्नीसवीं सदी में पश्चिमी देशों में जब कि छापने की ऐसी मशीनें बन कर बिकने लगीं जो कि पहले के मुकाबले में जल्दी छापती थीं तो जल्दी कम्पोज करने की भी जरूरत समझी गई। दो चार लोगों ने दो तीन किस्म की मशीनें ईजाद कीं जो कि खुद बखुद कम्पोज करती थीं मगर कोई भी ऐसी न बनी जो कि मतलब के लायक काम कर सके।


१८८६ ईस्वी में एक शख्स ने, जिसका नाम ओटोमरगन थलर था एक टाइप कम्पोज करनेवाली मशीन ईजाद की। मगर यह असली माने में टाइप कम्पोज नहीं करती था। बल्कि मैट्रिक्स कम्पोज करती थी और इन मैट्रिक्स की कतार में जो कि बराबर मेजर के मुताबिक मिल जाती था टाइप की एक लाइन ढलती थी। इस टाइप की लाइन के ढलने की वजह से उसका नाम लाइनोटाइप रक्खा। यह मशीन शुरू में बहुत ही थोड़ी सी बनाई गई थी। मगर आजकल यह बहुत ही अच्छी और तेज काम करनेवाली मशीन है। जिस पर एक आदमी छ से आठ कम्पोजिटर के बराबर कम्पोज कर सकता है। यह बताना कि लाइनोटाइप क्या क्या काम कर सकती है बहुत जरूरी है।



लाइनोटाइप मॉडल ८



लाइनोटाइप माडल ४८ एस० एम०



लाइनोटाइप माडल १४

१ सामग्री टाइप की जरूरत नहीं। हाथ से कम्पोज करने की भी जरूरत नही और डिस्ट्रीब्यूट करने की भी जरूरत नही।

२ हर वक्त नया टाइप कम्पोज होता है और इसलिए वह खर्च जो कि अन्य टाइप खरीदने का होता है बचाती है।

३ सांचे के यानी पत्थर हरफ जो कि अक्सर कम्पोज करते वक्त कम पड़ जाते है खरीदने की जरूरत नहीं।

४ इस मशीन से कम्पोज किया हुआ मैटर बहुत दिनों तक रखा जा सकता है। ज्यादा खर्च नहीं होता सिवाय इसके कि टाइप मेटल ज्यादा हो। इसलिए सामग्री टाइप बारबार खरीदने की जरूरत भी नहीं।

५ बहुत कम जगह लेती है।

६ एक आदमी की जरूरत है और कुल काम खुद करता है।


७ कम्पोज किए हुए मैटर को लेडआउट करने की, यानी बाद को जगह देने की जरूरत नहीं होती। इसलिए लेड डालने का खर्च भी बचता है। मशीन ही से लेडआउट लाइन ढल सकती है। जितनी जगह लेड डालने पर दिखाई देती है उतनी ही बड़ी बाडी पर ढाल दिया जाता है। जैसे कि दो प्वाइंट लेड की जरूरत हो तो दस प्वाइंट बारह प्वाइंट बाडी पर ढाला जाता है।

८ बार्डर बेल बूटे वगैरह जितनी तादाद में जी चाहे ढाला जा सकता है।

यह समझना जरूरी है कि लाइनोटाइप किस तरह से काम करती है। इसीलिए तसवीरें भी दे दी गई है।

कम्पोज करनेवाला मशीन के सामने स्टूल पर बैठ जाता है और टाइपराइटर की तरह हरफो पर उँगली चलाता है। जैसे ही उसकी


उँगली किसी हरफ के एक बटन को छूती है उसी हरफ का एक एक मैट्रिक्स पीतल के एक बक्स में से जिसको कि मैगज़ीन कहते हैं एक के बाद एक



लाइनोटाइप माडल ४ एस० एम०

आ आ कर एक स्टिक में रखी जाती है। जब कि एक लाइन पूरी हो जाती है तब एक हैंडिल दबाया जाता है और उसकी वजह से सब मैट्रिक्स मोल्ड के आगे आ जाती हैं। उनके आने के बाद गर्म सीसा पिचकारी के ६७
रास्ते मोल्ड में भर जाता है। हरएक लफ्ज़ के बाद स्पेस देने के लिए


प्रेस में भेज जाते हैं जो मशीनों बने हुए सांचे के टुकड़े होते हैं। यह सांचे एक लाइन तैयार होने पर उठ जाते हैं और लाइन को मशीन के हवाले कर देते हैं। जब लाइन ढल चुकती है तब इन मैट्रिक्स को जो कि मशीन के सामने इकट्ठा हो कर आये थे एक लम्बी सी छड़ी की मदद से ऊपर से उठा ले जाती है तब ये आप से आप अपने अपने खानों में डिस्ट्रीब्यूट हो जाती हैं। यह इस तौर से होता है कि प्रत्येक हरफ की मैट्रिक्स में अलग अलग दांत बने हुए होते हैं और



लाइनोटाइप माडल ४८

ऐसे ही दांत उस तिकोनी छड़ में बने हुए होते हैं जहाँ कि सांचे ले जाये जाते हैं और जब यह दोनों दांत मिलते हैं तो मैट्रिक्स अपने स्थान में झट से गिर पड़ती है। मोटे तौर से समझाने में यहां उसूल दिखाया जाता है जैसा कि चाबी और ताले में होता है। जब लाइन ढल चुकती है और मैट्रिक्स को वह चाक उठा ले जाता है तो मोल्ड आधा चक्कर नाचता है और एक छुरी पीछे से इस लम्बी ढली हुई लाइन की दुम काट देती है। दरम्यान वक्त दो छुरियाँ दो तरफ साफ कर देती हैं। और यह पूरी लाइन साफ ढल कर बाहर गली में निकल आती है

और एक छोटे पुर्जे के जरिए से दूसरा आनेवाली ग्यन के लिए जगह छोड़नी जाती है। इस तौर से थोड़ी देर में गली भर जाती है। अगर



ए० पी० एल० लाइनोटाइप

हरएक लाइन यों ही से बड़े नाप की बाडी पर ढाली जाय तो लाइनो-

टाइप के टूटे हुए मैटर को जगह देने के लिए रेड डालने की जरूरत नहीं होती। लाइनोटाइप के कम्पोज किए हुए मैटर में अगर गलतियाँ रह जायँ तो पूरी लाइन फिर से कम्पोज करनी पड़ती है। लाइनोटाइप को इस्तेमाल करते वक्त टाइप मैटल की गर्मी और उसकी नरमाई का ख्याल रखना चाहिए क्योंकि बगैर टाइप मैटल या कम ज्यादा गर्मी से टाइप की लाइन साफ नहीं ढलती। कम्पोज करने में कई तरह के टाइप की बहुत ज्यादा जरूरत पड़ती है। इसलिए एक ही मशीन में कई मैगजीन होती हैं जिनमें कि कई तरह के मैट्रिक्स के फाण्ट होते हैं। रोमन से एंटिक या एंटिक से रोमन कम्पोज करने के लिए जरा सा हैंडिल घुमाने से उसी मैट्रिक्स की मैगजीन सामने आ जाती है। अब एक नई मशीन और निकली है जो खुद बखुद एक ही कीबोर्ड से चार किस्म का कम्पोज करती है।


साल भर का अरसा हुआ कि इस कम्पनी ने हिन्दी और बंगला कम्पोज करने के लिए श्री हरिगोविन्द की मदद से कुछ मशीनें बना कर भेजी हैं।

१४ नं० माडल में अब हिन्दी अंग्रेजी साथ साथ एक ही लाइन में कम्पोज हो सकता है। एक और माडल निकला है जिसका नाम ए० पी० एस० ४ है। यह कई डिस्प्ले टाइप और सीस का फर्नीचर वगैरह ज्यादा तादाद में ढाल सकती है और उन प्रेसों में जिनमें इस किस्म का काम ज्यादा हो काफी अच्छी समझी जाती है।

लाइनोटाइप की तरह और काम की मशीनें भी ईजाद हुई हैं और बिकती हैं जिनके नाम इन्टरटाइप टिपोग्राफ लाइनोग्राफ हैं।


इंटरटाइप

यह मशीन लगभग मूल में हर मानी में करीब करीब लाइनोटाइप की तरह है। इस मशीन में एक बड़ी खूबी है जो और किसी मशीन



इंटरटाइप

में नहीं है। इसके बनानेवाले तरह तरह के मॉडल नहीं बनाते। इस वजह से एक ही मशीन पर हर तरह का काम हो सकता है। खरीदार




इंटरटाइप

को भी एक बड़ा फायदा यह होता है कि अगर उसके पास पैसा ज्यादा न हो तो वह एक मैगजीन और एक मोल्ड वाली मशीन शुरू में

खरीद ले। अब जैसे जैसे उसमें कमाए वैसे ही उस मशीन को थोड़ा थोड़ा खर्च करके छ मैगजीन और चार मोल्ड वाली बना सकता है। इसमें यह डर नहीं होता कि आज एक मशीन खरीदी और कल दूसरी तरह का काम आ गया तो दूसरी मशीन खरीदी जावे। इसीलिए इस मशीन के बनानेवाले स्टैण्डाइज्ड इन्टरटाइप कहते हैं जिसके माने यह है कि अगर आज कोई मशीन खरीदी जावे तो वह पुरानी माडल नहीं हो सकता। इस मशीन को बाजार में आए हुए अभी चन्द ही साल हुए हैं मगर यह हजारों की तादाद में बिक रही है।


लडलो

यह मशीन ज्यादातर अखबार वाले कारखानों में या उन प्रेसों में जहाँ कि इश्तहार वगैरह के काम ज्यादा आते हैं खूब काम आता है। इस मशीन पर लाइनोटाइप या इन्टरटाइप की तरह बटन



लडलो

ग्रा के कम्पोज नहीं किया जाता बल्कि पीतल की मैट्रिस मामूली टाइप की तरह क्रम से निकाल कर एक खास स्टिक में रखी जाती है और वह स्टिक मशीन में लगा कर पूरी लाइन की लाइन ढाल ली जाती है। एक ही मनचा कम्पोज करने पर उसी स्टिक से एक लाइन से ज्यादा बहुत सी लाइन ढल सकती है। जब लाइन ढाल ली जाती है तो फिर पीतल की मैट्रिक्स को क्रम में वापस डिस्ट्रिब्यूट कर दिया जाता है। जिन कारखानों ने इस मशीन को खरीदा है उन्होंने सिम्पल टाइप रखने की बिल्कुल जरूरत नहीं समझी।



लडलो मशीन की स्टिक


टिपोग्राफ

यह मशीन एक नए तरीके से काम करती है। एक लम्बी छड़ में लम्बी लम्बी मैट्रिस टंगी रहती है और बटन दबाने पर वह मोड के सामने जमा होती जाती है। लाइन ढलने के बाद फिर वापस लौट जाता है। इससे लाइनोटाइप या इन्टरटाइप के समान तेज काम नहीं होता है। मशीन भी सस्ती आती है।

मोनोटाइप


मोनोटाइप दो मशीन होती है। एक तो कीबोर्ड कहलाता है और दूसरा कास्टर। यह दोनों मशीन साथ नहीं चलती है। इस

लिए चाहे एक कमरे में अलग अलग या दो अलग अलग कमरों में लगाई जा सकती है। कीबोर्ड बहुत कुछ टाइपराइटर की शक्ल का




मोनोटाइप कीबोर्ड

होता है। मगर हर्फ़ के बटन उसमें दो सौ से ऊपर होते हैं। जिस वक़्त उसका चलानेवाला उन बटनों पर हाथ मारता है वैसे ही दो महीन सूराख़ काग़ज़ की रील में हो जाते हैं। यह महीन सूराख़ जो काग़ज़ में बनते जाते हैं हरएक अक्षर के लिए अलग अलग नाप के होते हैं। क्योंकि जब यह काग़ज़ का गोल लिपटा हुआ बंडल ढलाई वाली मशीन में जिसको कि कास्टर कहते हैं लगाया जाता है तो पम्प के ज़रिए से उन छेदों के बीच में हवा घुसती जाती है और उसी छेद के नाप की वजह से वही मेट्रिक्स मोल्ड के आगे आ जाती है और टाइप ढल जाता है। चूँकि वह छिद्र




मोनोटाइप कास्टर

कागज पर का काम म अच्छा नहीं होता। इसलिए आजकल का प्रयोग [illegible] हुआ है। मोनोटाइप अलग अलग टाइप ढालता है और



मोनोटाइप अटोकिस्टन यंत्र


इस यंत्र में उसका टाइप अपने आप डिस्ट्रिब्यूट किया जा सकता है और हाथ से भी कम्पोज हो सकता है।



मोनोटाइप यंत्र

मोनोटाइप की मैट्रिक्स पीतल तांबे की होती है। यह तमाम एक जगह के चौखट में कसी होती है और सब एक नाप की होती है। हरएक मैट्रिक्स के पीछे एक छेद होता है जो हरएक मैट्रिक्स को मशीन के सामने सच्चा बिठा देता है जिससे कि टाइप सच्चा ढले।

मोनोटाइप म एक बड़ा भारी फायदा यह है कि वह कागज की पट्टी जिसमें छेद हो कर कम्पोज होता है बार बार इस्तेमाल की



मोनोटाइप का मोल्ड

जा सकती है और बरसों बाद भी वही मैटर फिर से ढाला जा सकता है। इसमें स्टेटमेन्ट का या शानदार काम बहुत जल्दी और आसानी से हो जाता है। यह एक मशीन ६ कम्पोजिटर का काम करता है। हमारे मुल्क के लिए कम्पोज करनेवाली मशीनों में से सबसे अच्छी यही साबित हुई है। अखबारों के लिए इंटरटाइप लाइनोटाइप पर आसानी होती है।

सुपरटाइप

यह एक नई मशीन १९३७ ई० में ईजाद हुई है। नमूने के लिए कुछ मशीनें बनाई गई हैं और इंगलैंड और योरप में चालू करके दिखाई

भी गई है। यह एक अजीब चीज़ है। कुछ लाइनोटाइप और कुछ मोनोटाइप दोनों का तरीका रखा गया है। लाइनोटाइप की तरह इसमें मगज़ीन होता है जिसमें कि मैट्रिक्स रहती हैं। हर एक की शक्ल बजाय लिनोटाइप के जैसे कि लाइनोटाइप इंटरटाइप मैट्रिक्स में होता है चपटे ढाँचे में रखा हुआ होता है। यह मशीन में डिस्ट्रीब्यूटर भी लाइनोटाइप की तरह का होता है। इसका हिस्सा तब तो यह लाइनोटाइप या इन्टरटाइप से मिलती जुलती है। मगर टाइप ढलने का हिसाब मोनोटाइप के सिस्टम का है यानी एक एक टाइप अलग से कम्पोज़ होता जाता है। कहा जाता है कि एक ऑपरेटर ब-आसानी १२ हजार एन एक घंटे में कम्पोज़ कर सकता है। ६४ एम पाइका तक कम्पोज़ किया जा सकता है और ५ प्वाइन्ट से ३६ प्वाइन्ट वाली तक ढल सकता है।

करीब ढाई सौ अगर इकहरी दोहरी या चौगुनी मगज़ीन में एक साथ इस्तेमाल में लाये जा सकते हैं। इन बातों से पता चलता है कि इस मशीन में ऐसी खूबियाँ होंगी जो आजतक किसी कम्पोज़िंग या कास्टिंग मशीन में नहीं थीं। यह अंग्रेज़ी ईजाद है।

पाचवाँ अध्याय

डिसप्ले कम्पोजिग

बढिया किस्म के इश्तहार चिटठी के कागज लिफाफे शादी विवाह के निमन्त्रण पत्र (तरह तरह की नाप और नक्शा के) बहुत छापखाना म छपने के लिए आते है। इनको खूबसूरत तरीके से छापने के लिए बडे तजुर्बे की जरूरत है। इन कामो के छापने के लिए जो तरकीब इस्तेमाल म लाई जाती है वह आगे चलकर छपाई के बयान में बताई जायगी। यहाँ पर सिर्फ हमको यहा बताना है कि इन सब कामो को कम्पोज कैसे किया जाय और किन किन बातो का ध्यान रक्खा जाय जिसमे कि काम छपकर खूबसूरत मालूम हो। हरएक काम दुनिया म एक उसूल और कायदे से किया जाता है। वही उसूल और कायदे छपाई के हरएक हिस्से म काम मे लाने चाहिए। इस किस्म के काम के लिए इतनी बातो का खयाल रखना जरूरी है।

१ ठीक टाइप का चुनना जो कि उस खास काम के लिए मुनासिब हो।

२ उसी फेस के टाइप का छोटा या बडा बाडी वहाँ लगाया जाय इसका खयाल रखना।

३ खास दी हुई जगह में टाइप और खाली जगह इतना इस तौर पर बाँटी जायें कि सिर पर वगैरह भारी न मालूम हो।

४ शब्द और बाहर से दिखाने या विज्ञापनों में कुछ मेल होना चाहिए, जैसे कि चाय शब्द के साथ कोई चाय किस्म का बॉर्डर मनगम्य दिखाई देगा।

५ बहुत से विज्ञापन या विज्ञापन ऐसी शब्द और उसी प्रकार का अच्छा मालूम होता है जिस किस्म का कि अक्षर लगाया जाता है।

६ नमकीन या भारी फेस बहुत कागज़ में जगह जगह पर लगाया जाय तो मनभावन मालूम होता है। मगर ध्यान रखना चाहिए कि ज़्यादा जगह भरने के लिए नमकीन अलग कभी न लगाई जावें।

काश्मीरी होटल

खूबसूरती और आराम
की जगह। मशहूर थियेटर
तथा खास बाज़ार से केवल
५ मिनट का रास्ता। २॥)

अमीनाबाद पार्क
ल ख न ऊ

आधुनिक विज्ञापन का ढंग



विशेश्वर गुप्ता

पुष्पशाला

गुलाब

जूही

२४ मोतीलाल नेहरू रोड  इलाहाबाद

आधुनिक विज्ञापन का दूसरा नमूना

७ डिसप्ले के कम्पोजिंग में सतर के आखिर में फुलस्टाप देने की जरूरत नहीं होती है मगर सतर के बीच में कामा वगैरह दिया जा सकता है।

८ कभी किसी की नकल करने से अच्छा काम करना नहीं आता। और इसीलिए इस काम करने के पहले एक कागज पर एक रद्दी सा नकशा बना लिया जाय जिसमें कि पहले से तय कर लिया जाय कि कौन टाइप कहाँ लगाया जायगा। इससे यह फायदा होता है कि घड़ी घड़ी कम्पोज करने से वक्त जाया नहीं होता।

९ सब लाइनों को सफे के बीच में कम्पोज करना चाहिए और इनको ऐसा बाँटना चाहिए कि ऊपर या नीचे कुछ भारीपन न मालूम हो। अक्सर ऐसा किया जाता है कि एक तरफ को कम्पोज

बढ़िया सुगन्धित तेल और इत्र



हमारे यहाँ हर मेल के बढ़िया
मनपसन्द तेल और इत्र
मिल सकते हैं। फरमाइश
के मुताबिक हर वक्त
तैयार रहते
हैं

चमेली मोतिया बेला

आधुनिक विज्ञापन [redacted] तीसरा नमूना

किया रहता है और लाइन के दोनों तरफ बराबर जगह नहीं छोड़ी जाती। ऐसी हालत में अगर लाइनें एक तरफ से बार्डर में मिला दी जाय तो बुरा नहीं लगता।

१० जब एक ही किस्म का टाइप इस्तेमाल करना हो और बहुत ज्यादा लाइन न हो तो या तो सब कैपिटल में कम्पोज़ किया जाय या सब अपर लोअर में कम्पोज किया जाय तब खूबसूरत दिखाई देगा। चूंकि हिन्दी में कैपिटल लोअर केस, स्मालकप्स वगैरह नहीं होता इसलिए हिन्दी हेडिंग टाइप के चुनने में इतना ख्याल रखना चाहिए कि अगर तीन चार टाइप पसन्द किये जायें, चाहे वे कई साइज के क्यों न हों तो उन टाइपों को इस्तेमाल करना चाहिए जो कि शक्ल में करीब करीब मिलते हों। आधी दर्जन शक्ल के टाइप किसी खबर या विज्ञापन में इस्तेमाल करने से बड़ा भद्दा बनता है।

११ एक ही जगह या एक ही कारखाना या एक ही दूकान की कोई चीज छापनी हो तो हर चीज अगर एक्स तरीके की छपी हो तो ज्यादा खूबसूरत मालूम होता है। मसलन अगर चिट्ठी के कागज के लिए कोई टाइप या कोई तरीका इस्तेमाल किया जाय तो उसी ढंग का लिफाफा, बिल, पोस्टकार्ड वगैरह छापना चाहिए।

१२ सादगी में खूबसूरती होती है और इसीलिए अगर एक ही लाइन किसी मौजूं टाइप का ठीक रंग में और ठीक कागज पर छपी हुई हो तो ज्यादा खूबसूरत लग सकती है बनिस्बत ज्यादा लाइनों के जो कि खराब किस्म के टाइप से और खराब किस्म के रंग में छपी हों। ११३

ध्यान
देने
योग्य
बात

जैसे कि जाने सुने
वैद्य पर भरोसा किया
जाता है वैसे ही अपनी
छपाई की निस्बत हम
पर भरोसा कीजिए।

दी
इलाहाबाद
ला जर्नल प्रेस

आधुनिक विज्ञापन का चौथा नमूना

The
Press

THE
LIBERTY OF THE
PRESS
IS THE TRUE
MEASURE
OF ALL OTHER
LIBERTY
FOR
ALL FREEDOM
WITHOUT
THIS MUST BE
MERELY
NOMINAL

Compliments of
SERVICE PRESS
ALLAHABAD



The Allahabad Type Founders Company particularly desires to call the attention of printers to the Allahabad Caslon series a type style of distinctive merit This beautiful face is specially adapted for use on work which requires strong clean cut type

एक मामूली अंग्रेज़ी इश्तहार का नमूना

MUSIC

HATH CHARMS
-BUT GOOD-
PRINTING*will always*
please your customers

१ अजेर
२ व्यावसायिक कार्ड
३ चिट्ठी के कागज
४ निमन्त्रण चिट्ठियाँ
५ विज्ञापन
६ पोस्टर

इन सभी में दुकानदारों को यह सदा ख्याल आ गया है कि जितनी अधिकता में उनका काम छपा हुआ हो उतनी ही उसकी सामान की किफायत होती है। इसका मतलब यह नहीं है कि छपाई इतनी घटिया कर दी जाय कि दुकानदार को किसी का फायदा ही न हो। अतः छापने वाले को इस बात का ख्याल रखते हुए उचित व्यय औसत कीमत पर छापने की कोशिश करनी चाहिए। इस कोशिश में किन किन बातों का ध्यान हो पीछे लिखा जा चुका है। एक बात दुकानदार की जरूरत पड़ता है वह यह है कि दाम हमेशा कम होता है अगर पहले से सब काम न कर दी जायें और इसके बाद अन्दर बदल न करना पड़े।

छठाँ अध्याय

किताबी काम कम्पोज करना

हम अगले अध्याय में इस बात का जिक्र करेंगे कि छोटे मोटे काम के लिए कौन सा टाइप किस किस्म की कम्पोजिंग और इनकी सजावट कैसी होनी चाहिए। यहां हम यह बताते हैं कि किताबी काम में किन किन बातों का खयाल रखना चाहिए और किस किस्म का टाइप इस्तेमाल करने से किताब छपकर भली मालूम हो सकती है। इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि जो कुछ भी तय करना हो वह कम्पोजिटर के हाथ में कापी देने के पहले तय हो जाना चाहिए। क्योंकि अगर कम्पोजिटर ने कोई काम दूसरे कायदे से शुरू कर दिया तो ज्यादा नुकसान होने का अन्देशा है। किताब के कम्पोज करने या छपने के लिए नीचे लिखी हुई बातों की जरूरत है और ये हमेशा पहले से तय हो जानी चाहिए।

१ किताब के नाप का पहले खयाल रखना चाहिए। किताब न बहुत मोटी होनी चाहिए और न बहुत पतली। इसके लिए पहले कागज का तय करना बहुत जरूरी है।

२ कौन से टाइप में किताब कम्पोज होकर खूबसूरत मालूम होगी और खर्च कम होगा इसका तय करना भी जरूरी है।

अगर किताब खूबसूरत निकलनी है और खर्च का खयाल नहीं करना है तब तो कोई मुश्किल बात नहीं है। मगर ज्यादातर खर्च का

[illegible] है और [illegible] नाइट्रोजन इस्तेमाल करने की जरूरत [illegible] किसान [illegible]।

३ किसान से जहाँ तक हो [illegible] कराया [illegible] चाहिए। [illegible] कि नाइट्रोजन कुछ [illegible] इस्तेमाल किया जाय और [illegible] इस्तेमाल हो।


४ [illegible] से यह मालूम हुआ है कि [illegible] किस्म का [illegible] जरूरत से [illegible] इस्तेमाल किया जा सकता है। [illegible] यह है कि [illegible] सकता। [illegible] की जरूरत होती है जैसे कि [illegible] वगैरह [illegible] मालूम [illegible] है। हमारे [illegible] में अपनी [illegible] में १० ११, १० [illegible] और [illegible] में १२ १६, २० [illegible] इस्तेमाल में लाये जाते हैं।

५ [illegible] में [illegible] रखना चाहिए जो कि [illegible] के लिए बताया गया है और [illegible] है कि अगर [illegible] इस्तेमाल किया जाय तो [illegible] चाहिए और अगर [illegible]। हमारे यहाँ [illegible] [illegible] इस्तेमाल किया जाता है [illegible] भी [illegible] हो [illegible]।

६ [illegible] में चारों तरफ जगह छोड़ना [illegible] की शोभा को बढ़ाता है। अगर [illegible] है तो बहुत [illegible]

जगह की ज़रूरत नहीं। मटर जितना ज्यादा एडआउट होगा उतना ही सफ के चारों तरफ जगह "न स किताब की शक्ल निकल आती है। *अगर किताब म खूबसूरत टाइप इस्तेमाल किया गया हो अच्छे कागज* पर छपी हुई हो निहायत खूबसूरत छपाई हो और मार्जिन या हाशिया कायदे म चारों तरफ नहीं दिया गया हो तो सब मेहनत जाया जायगी।

७ एक मामूली कायदा पज के चारों तरफ जगह छोडने का यह ह कि चारों तरफ का खाली मुन्जा जगह पूरे पज के करीब आधी होनी चाहिए। इसका और ज्यादा समझाने के लिए हम इंचों म कहते ह। फज करो कि मिलाई की जगह म ऊपर और लाइन के सिरे तक $^1/_2$ इंच ह तो सिर पर भी $^1/$ इंच होना चाहिए और सामने उसका सवाया और नीचे उसका ड्योढा।



हाशिया और मटर रखने का तरीक़ा

ये तरह तरह के नाप की किताबों के लिए छोटी बड़ी कम्पोजिंग की जरूरत होती है और हरएक नाप की कम्पोजिंग के लिए लम्बाई और चौड़ाई का एक खास नाप मुकर्रर है और उसकी फेहरिस्त नीचे दी गई है।

किताबों के लिए सफे का नाप

नीचे पेजों की लम्बाई और चौड़ाई पाइका टाइप एम में दी जा रही है।

फुलस्केप	४ पेजी	लम्बाई	४१	एम	चौड़ाई	३०	एम
„	८	„	३२			१८	„
	१२	„	२८			१५	„
„	१६ „	„	१९	„	„	१४	„
क्राउन	४		४८	„	„	३६	
	८	„	३६			२१	„
	१२		३२	„		१६	
	१६	„	२३	„		१६	
डिमाई	४ „		५४	„		४२	
	८		४२			२४	„
„	१२ „	„	३६		„	१९	„
„	१६		२६			२०	
	३२		२१	„		१२	„
रायल	४ „		६४	„		४८	
	८	„	४८	„		२७	
	१२	„	४०	„		३१	„
	१६		२९	„	„	२१	
„	३२		२३	„	„	१४	„

तजुर्बे से बाज लेखक की यह राय है कि इन मुकर्ररशुदा नापों पर अमल करने से बहुत सी बातों में किफायत हो सकती है। मसलन (१) लेड ज्यादा जाया नहीं होता। (२) फर्मा कसने के वक्त गाहे या लकड़ी के तरह तरह के फर्निचर की जरूरत नहीं होती। (३) दफ्तरीखाने में किताब की कटाई में घटी बड़ी नाप नाप में किताब काटना बच जाता है। (४) जिल्द बांधने में एक नाप की दफ्ती एक साइज के कागज के लिए जल्दी बन सकती है बनिस्बत छोटी बड़ी किताबों के।

इसके काम में लाने की एक तरकीब यह है कि हरएक नाप के कागजों को भांज लें। ४ पेजी, ८ पेजी १६ पेजी या आठ और भांज। जिस नाप का कागज छपने आता हो उसी नाप की दफ्ती के टुकड़े रख लिए जायें। जब किसी नाप का काम दफ्तरीखाने जाय तो उसी दफ्ती के हिसाब से काटा जाय।

कोई भी हाथ की लिखी हुई कापी कम्पोज हो कर किसी खास साइज में कितनी हो जायगी, इसके जानने का तरीका नीचे लिखा है। इसका हिसाब लगाने का एक आसान तरकीब यह है कि हाथ की लिखी कापी के पूरे सफे की सतरें गिन ली जायें। जिस मेजर में उसको कम्पोज करना हो उस सतर के हरफ गिन लिए जाय। जब यह मालूम हो जाय कि हाथ की लिखी कितनी सतरों में टाइप में कितनी सतरें कम्पोज हो सकती हैं तो कुल हाथ की लिखी किताब कितनी सतरों में हो जावेगी इसका जवाब बड़ी आसानी से अरिथमेटिक के हिसाब से निकल सकता है।

आजकल के तरीके की किताब छापने के लिए आगे लिखी हुई बातों का ध्यान रखना चाहिए।

१ हरएक नए अध्याय के ऊपर नम्बर नहीं आना चाहिए। उसको [illegible] है। उनके बड़े हेडिंग और [illegible] चाहिए और हरएक अध्याय के नम्बर होने चाहिए। [illegible] के ऊपर [illegible] जाते हैं।

२ अगर किसी अध्याय का खुलासा उसके शुरू में देना मंजूर हो तो [illegible] दिया जाना चाहिए या [illegible] शामिल करके [illegible] चाहिए।

३ अगर हाशिए में एक से ज्यादा लाइन हों तो इस तौर से लगाना चाहिए कि नीचे की लाइन ऊपर से छोटी हो। अगर वह तीन लाइन से ज्यादा हों तो [illegible] बराबर हों। [illegible] इस तौर से न लगाएं जाय कि [illegible]।

४ किताब का नाम बाएँ तरफ़ और अध्याय का नाम दाहिनी तरफ़ सफ़े के ऊपर दिया जाता है। [illegible] कभी कभी [illegible] में दिया जाता है अगर वह किताब छोटी हो और उसका मज़मून भी अलग हो।

५ अगर किसी सफ़े में पूरी तसवीर हो तो उस सफ़े के ऊपर बाएँ हेडिंग या सफ़े का नम्बर नहीं देना चाहिए। मगर गिनती में वह शामिल कर लेना चाहिए। अगर वह तसवीर किसी दूसरे कागज़ पर छपी हुई हो तो गिनती में शामिल नहीं की जाती। मगर उसका ज़िक्र फ़िहरिस्त में आना चाहिए।

६ अगर कोई ऐसा मज़मून जो कि बाहर से लिया गया हो और वह पद्य हो तो वह छोटे अक्षर में कम्पोज़ करके बीच में रखना चाहिए और अगर इस किस्म का न हो तो किताब के अक्षर में होना चाहिए।

७ फुटनोट ऊपर के मटर के बराबर के मेजर म या दो कालम म छोटे टाइप म कम्पोज करना चाहिए। ऊपर के मटर और फुटनोट के बीच म ४ एम का रूल बायी तरफ लगा देना चाहिए। अक्सर मटर और फुटनोट बिल्कुल सालिड कम्पोज करना पड़ता है उस हालत में २ एम की जगह इन दोनो के बीच म द दी जाती है।

८ मार्जिन और मटर के बीच म ६ प्वाइंट स्पेस रखना काफी है। अक्सर मटर के अन्दर मार्जिन दी जाती है और उसका इस तौर म रखना चाहिए कि कम से कम मटर की दो लाइन उसके ऊपर रहें। और कुल किताब में एक मेजर रहना चाहिए।

९ आम रिवाज यह है कि छोटे मेजर म पहली लाइन एक एम खवाड दे कर कम्पोज की जाती है। अगर १८ एम स ज्यादा हो तो १½ एम और २४ एम से ज्यादा हो तो २ एम। यह तरीका गर मुल्का में खराब खराब उड़ा दिया गया है और अब हरएक नये पैरे के शुरू में ११ प्वाइंट स्माल पाइका खवाड देकर कम्पोज किया जाता है। टबूल या हिसाब की किताब में यह कायदा नही चल सकता।

१० अगर किसी अध्याय के शुरू में पहला हरफ बड़ा सा लगाना मंजूर हो तो उसको ऊपर की तरफ से पहली लाइन के मेल म बिठाना चाहिए और आखीरी लाइन उसम मिली रहनी चाहिए और नीचे और बगल में जगह बराबर होनी चाहिए। अगर एक पूरा लफ्ज बड़े टाइप में छोटे टाइप के साथ बिठाया जाय तो उस लफ्ज के बाद स्पेस होना चाहिए।

११ हिसाब की किताब कम्पोज करने के लिये ब्रेकेट या भिन्न हमेशा मटर के बीचोबीच सजाना चाहिए। पीस ब्रेकेट या टुकड़े वाले ब्रेकेट इबारत के संग नहीं इस्तमाल करने चाहिए और उसकी

जगह स्क्वायर रो इस्तेमाल ज्यादा अच्छा समझा गया है। टेबुलर मैटर में उस वक्त रूल लगाना चाहिए जब कि उसमें दो से ज्यादा खाने हों। रुपये पैसे के निशान और हिन्दसों के बीच में स्पेस नहीं होना चाहिए।

१२ अगर इन्डेक्स या अनुक्रमणिका में एक का एक लफ्ज़ दोहराया जाय तो एक एम डैश दे देना काफी होता है और लफ्ज़ दुबारा लिखने की ज़रूरत नहीं।

१३ अच्छा कम्पोज़ करने के लिए यह ज़रूरी है कि लफ्ज़ों के बीच में बराबर का स्पेस हो। आमतौर से ३ टू एम या थिक स्पेस इस्तेमाल में लाने चाहिए और फुलस्टॉप या पाई के बाद एन क्वाड या आधा एम।

१४ मैटर के बीच में अगर तसवीर या नक्शा दिया जाय तो चारों तरफ जगह बराबर देनी चाहिए और अगर एक से ज्यादा हों तो खूबसूरती से डालना चाहिए। तसवीर के नीचे की लाइन अगर एक से ज्यादा हों तो तसवीर की चौड़ाई के बराबर कम्पोज़ होनी चाहिए। अगर एक हो तो चौड़ाई के बीच में रखनी चाहिए।

१५ अगर किसी किताब में गद्य और पद्य साथ कम्पोज़ होते हों तो लाइनों के बीच में स्पेस बराबर का रहना चाहिए। अक्सर ऐसा होता है कि छोटे टाइप में कम्पोज़ किये हुए मैटर में बड़े टाइप के लगाने की ज़रूरत पड़ती है। ऐसी हालत में बड़े टाइप वाली लाइन की जगह कम कर देनी चाहिए।


सातवां अध्याय

प्रूफरीडिंग या प्रूफ पढ़ना

कम्पोज होने के बाद प्रूफ प्रेस के ऊपर मैटर को रख कर प्रूफ उठाया जाता है।


प्रूफ उठाने की मशीनें

दस पन्द्रह बरस पहले कुछ दुनिया में मामूली हैंड प्रेस जो कि आजकल हमारे मुल्क में छापने के लिए काम में लाया जाता है, प्रूफ उठाने के लिए इस्तेमाल होता था। मगर अब वह निहायत खराब साबित हुआ है और किसी अच्छे छापेखाने में उसपर काम नहीं किया जाता। ताकीद की गयी है कि यह प्रेस हरगिज प्रूफ उठाने के लिए काम में न लाया जाय। यह टाइप को कितना नुक-



प्रूफ उठाने का गलत तरीका

हाई होना जरूरी है नहीं तो भद्दे और भरे हुए प्रूफ या ऐसे प्रूफ जिसमें स्याही बिल्कुल न हो उठ आवेंगे। नाजुक टाइप जैसे कि स्क्रिप्ट वगैरह का प्रूफ बहुत होशियारी से उठाना चाहिए नहीं तो इनके टूट जाने का डर है। अच्छे प्रूफ के उठाने के लिए खास होशियार आदमी की जरूरत है। हमारे मुल्क में आमतौर से यह काम एक कुली के सुपुर्द कर दिया जाता है जिसका




पावर प्रूफ प्रेस




गलेज प्रूफ प्रेस

नतीजा यह होता है कि एक तो प्रूफ गन्दे उठते हैं और दूसरे नया टाइप चौपट हो जाता है।



पोचो प्रूफ प्रेस

कम्पाजिटर को मालूम होने के लिए कि कौन कौन सी [illegible] उसे सुधारनी हैं कुछ निशान प्रूफ पढ़ने के लिए बनाए गए हैं। [illegible] दिए गए हैं।



इम्पोजिंग टेबुल का प्रूफ प्रेस

प्रूफ पढ़ने [illegible] प्रूफरीडर [illegible] होकर [illegible] कॉपी [illegible] [illegible] और [illegible] [illegible] [illegible] होल्डर मौजूद हो। अक्सर प्रूफरीडर [illegible]

है कि वह साथ हो चिल्लाकर पढ़ते जाते हैं और कापी-होल्डर से नहीं पकड़ता। नतीजा यह होता है कि कापी-होल्डर प्रूफ को कापी के साथ ठीक मिला नहीं सकता इससे गलतियाँ छूट जाती हैं। इंगलिस्तान और अमरीका में भी पहले यह आम था। पर अब यह साबित हुआ है कि इससे प्रूफरीडिंग अच्छी नहीं हो सकती और अब वहाँ कोई प्रूफरीडर चिल्ला चिल्लाकर नहीं पढ़ता बल्कि कॉपीहोल्डर चिल्ला कर पढ़ता है और प्रूफरीडर प्रूफ ठीक करता जाता है।

प्रूफरीडर का काम बहुत जिम्मेदारी का है। प्रूफरीडर ऐसे आदमी को रखना चाहिए जो कि उस ज़बान में होशियार हो जिसका कि उसको प्रूफ पढ़ना है और काम में बहुत ईमानदार हो, क्योंकि प्रूफ रीडिंग की गलती की वजह से कई डिपार्टमेंट में हर्ज और नुकसान हो सकता है। प्रूफरीडर को कभी लेखक की कापी में से कोई तब्दीली नहीं करनी चाहिए सिवाय उन उन बातों के जैसे कि गलत हिज्जे, गलत व्याकरण और पंक्चुएशन कामा फुलस्टाप वगैरह। और ऐसी गलतियों की इत्तला प्रूफ भेजते वक्त लेखक को दे देना चाहिए।

प्रूफ पढ़ने के निशान

	Push down space	स्पेस नीचे दबाओ
	Close up	मिलाओ
	Less space	कम स्पेस
^	Left out insert	छूट गया डालो
	Turn to proper position	ठीक करके लगाओ
#	Insert space	स्पेस डालो
[ ]	Move to left or to right	दाहिने या बायें खिसकाओ

⊓ ⊔	Move up or move down	ऊपर या नीचे खिसकाओ
tr	Transpose	जगह बदलो
stet ...	Let it stand	रहने दो
ℊ	Delete—take out	निकाल दो
/ ×	Broken letter	टूटा हरफ
¶	Paragraph	पैराग्राफ
no ¶	No paragraph	पैराग्राफ नहीं
w.f	Wrong font	रांग फॉन्ट
eq #	Equalize spacing	अंतर बराबर करो
Caps ≡	Capitals	कैपिटल्स
s.c. =	Small capitals	स्माल कैपिटल्स
l.c.	Lower case	लोअर केस
∨ ∧	Superior or Inferior	सुपीरियर या इन्फीरियर
ital —	Italic	इटैलिक
rom	Roman	रोमन
[/]	Bracket	ब्रैकेट
(/)	Parentheses	परेन्थिसिस
///	Straighten line	लाइन सीधी करो
⊙	Period	पीरियड —फुलस्टाप
,/	Comma	कॉमा
-/	Hyphen	हाइफन
⊙	Colon	कोलन
;/	Semicolon	सेमीकोलन
∨	Apostrophe	एपास्ट्राफी
∨/∨	Quotations	कोटेशन्स
□	Em quad	एम क्वाड
⊢⊣	One-em dash	एक एम डैश
2/m	Two-em parallel dash	दो एम पैरेलल डैश

हिन्दी मेटर

श्री जनभर मेरी कविता के स्वत्वाध्याय दुर्गकुमार का हुआ है मेरी धारणा है कि अधिकांश भावुक व्यक्तियों को अपने जीवन के मनोवैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक विकास में एक वैसा ही अनुभव होता है। नाना करता में वे रोमांस तक भावुक व्यक्ति की आत्मा निष्कलुष जीवन की पुनीत धारा में निःशङ्क रूप से प्रवाहमान होती रहती है और उसके अन्तर्जीवन का रूप रङ्ग रश्मि निर्मल वातावरण शुभ्र-शुभ्र की स्वच्छ सुशीतल ~~और~~ सुनहरी उज्ज्वल महिमा में मण्डित रहता है। फिर जब धीरे धीरे यौवन का मधुर मोह अङ्ग अङ्ग को अपने ~~मादक आवेश~~ से आलिंगन करने लगता है और तरुण करुण जीवन की बहुरञ्जित राग नवरश्मियों में मन्दिर स्वप्न अरुण स्पर्श से भान लगता है तो उस विश्वात्मिका माया, अन्त में प्रकृति के व्यतिक्रम नियम ~~नियम~~ के फलस्वरूप जब उसका उन्माद ढीला पड़ जाता है, आँखें खुलने लगती है तो वह अपनी अवस्था देखकर आतङ्कित हो उठता है और फिर उसकी अन्तरात्मा अपने शान्त श्रान्त कुमार जीवन के स्निग्ध में लौट जाना चाहती है। पर काफी उपाय करने पर भी फिर वह अपने विगत जीवन-मार्ग की ओर लौटने के लिये अपने को समर्थ नहीं पाता, वह पीछे की ओर देखता है पर जिस पथ से वह यौवन के प्राङ्गण में आया था वहाँ कुटिल कण्टकाकीर्ण अरण्य का जटिल जाल फैला हुआ पाता है। ~~तब मालूम होता है कि जीवन~~
~~[illegible]~~

अंग्रेजी मैटर

Well I am quite sure thet there is no danger
of my ever bursting with too much wis
dom and so there is no no need for me
to wear copperplates or armour And in any
event I hope my wisdom such of it as I po
ssess does not live in my belly wherever it
may reside there is plenty of room still for
more of it and there is no chang of there
being room left If I am so limited in wisdom
how can I pose as a wise man to others and
distribute good advice to all? And so I have
always thought that the best way to find out
what is right and what is not right what
should be done and what should not be done
is not to give a sermon but to talk and dis
cuss and out of the discussion sometimes a
little bit I have liked my talks with you
and we have discussed many things but the
world is wide and beyond our world lie other
wonderful and worlds mysterious so none of
need ever be bored or imagine like the very
foolish and and conceited person whose story
Hans Tsan has told us that we have learned
everything worth learning and become very
wise And perhaps it is as well that we do

आमतौर से करीब करीब हरएक प्रूफरीडर का निराला ही तरीका (प्रूफ सही करने का) होता है। एक खराब तरीका यह है

कि गलत हरफ का निशान करने के बाद कागज के आखीर तक लकीरों से भर देते हैं। इसमें किसी किस्म का हर्ज नहीं है अगर प्रूफ में दो चार ही गलतियां हों। मगर ज्यादा गलतियों में लकीर देने से कम्पोजिटर को गलती सुधारने के लिए दिक्कत हो सकती है जब लकीरें एक दूसरे के ऊपर चढ़ जाती हैं और जगह बिल्कुल नहीं रहती। अच्छे छापेखानों में जहाँ कि अच्छे प्रूफरीडर रक्खे जाते हैं वह यह लकीर नहीं बनाते बल्कि वह पेज के किनारों पर गलती के निशान करते जाते हैं। इसमें जगह कम लगती है और प्रूफ भी गन्दा नहीं होता। हरएक किताब के कम्पोज होने के बाद प्रूफ दो मरतबा छापेखाने में पढ़ा जाना चाहिए और फिर लेखक के पास भेजना चाहिए। लेखक के यहाँ से आने के बाद फिर एक मरतबा और प्रूफ पढ़ने की जरूरत होती है। जब गलतियाँ बिल्कुल न रह तब फर्मा कसा जावे। इस बात का बहुत ख्याल रखना चाहिए नहीं तो नतीजा यह होता है कि मशीन पर छपने के वक्त गलतियाँ निकलती हैं और जबतक कि कम्पोजिटर करेक्शन पूरे न कर दे मशीन खड़ी रहती है। इससे पैसा और वक्त बहुत फिजूल खर्च होता है।

अच्छे प्रूफरीडर में तीन बातें जरूर होनी चाहिए। (१) प्रूफ को सही पढ़ना (२) प्रूफ को तेजी से पढ़ना (३) प्रूफ को सफाई से पढ़ना।

हमारे मुल्क में जिसको और कहीं नौकरी नहीं मिलती वह प्रेस में प्रूफरीडर बना दिया जाता है। छापखाना के मालिक भी यही समझते हैं कि जिसको थोड़ा सा लिखना पढ़ना आता हो और प्रूफरीडिंग के निशान आते हों वह प्रूफरीडर बन सकता है। इससे बढ़ कर कोई गलती नहीं।

यारोप और अमेरिका में प्रूफरीडर वह लोग होते हैं जो कि कम से कम पाँच छः साल कम्पाजिटर रहे हों और कई साल तक कापी होल्डरी की हो। एक मिनट के लिए सोचने में मालूम हो जावेगा कि प्रूफरीडर जबतक कम्पाजिटर के काम से वाकिफ न हो उसकी गलती कैसे निकाल सकता है। प्रूफरीडर को यह मालूम होना जरूरी है कि किताब के कम्पोज करने के लिए सफे के सिर से पैर तक कहाँ स्पेस, लैड, मार्जिन, इंडेंट और पैरा देने की जरूरत है। यह उसी वक्त आ सकता है जिस वक्त कि प्रूफरीडर ने अगर हाथ से काम न भी किया हो तो इस विषय पर दो चार किताब जरूर पढ़ी हों।

हरएक प्रूफ को पढ़ने के बाद तारीख वक्त और दस्तखत करने चाहिए। जब प्रूफ में कोई गलती नहीं रहती और वह छापने के लिए भेजा जाना है तब पी० बनाकर नीचे दस्तखत कर दिया जाता है जिसके माने हैं कि प्रिंट यानी छापो। हिन्दी में छा० बनाकर दस्तखत कर देने में कोई हर्ज नहीं। आजकल आमतौर से लोगों ने ओ० के० लिखने का अमरिकन तरीका इख्तियार किया है जिसके माने हैं सब ठीक है।

अच्छे प्रूफरीडर के लिए इल्मी लियाकत इतनी होनी चाहिए कि हरएक मज़मून की किताब अच्छी तौर से पढ़ सके और समझ सके। दो रद्दी प्रूफरीडर रखने से एक अच्छा प्रूफरीडर रखना (चाहे उसकी तनख्वाह ज्यादा हो) सस्ता पड़ता है, क्योंकि वह जल्दी और सही पढ़ता है।

अच्छा प्रूफरीडर भी पूरी तौर से काम नहीं कर सकता जबतक कि उस छापखाने में प्रूफ पढ़ने के लिए दो चार अच्छी किताब न हों मसलन अच्छे किस्म के कोश, प्रूफरीडिंग और छपाई पर किताबें।

प्रूफ की निस्बत कुछ जरूरी बातें

१ प्रूफ साफ होने चाहिए। अगर न हों तो दूसरे मँगवा लो।

२ पेज या फर्मा रिवाइज करने के पहले पहले सभी प्रूफ मिला लो।

३ इस बात का खयाल रखो कि कालियों हेडिंग और सफे के नम्बर ठीक आ रहे हैं या नहीं।

४ सिगनेचर यानी वाला निशान जो हर फर्मे पर लगाया जाता है ठीक जगह पर है या नहीं।

५ रिवीज़न बहुत होशियारी से करो और आगे लिखी बातों का खयाल रखो।

(क) पेज के ऊपर की या नीचे की लाइन तो नहीं छूट गई।

(ख) कोई लकीर अगर नहीं ठीक हुई हो और आथर के पास प्रूफ जा रहा हो तो फिर से लकीरी बनाओ। कोशिश करो कि सब लकीरें ठीक कर दी जायें।

६ अगर रिवीज़न का करेक्शन ठीक न किया गया हो या कुछ गलतियाँ छूट गई हों तो एक प्रूफ और माँगो।

७ रिवाइज करते वक्त तीन बातों पर खयाल रखना जरूरी है।

(क) कोई टाइप तो नहीं गिर गया।

(ख) करेक्शन में कोई डबल तो नहीं लगा दिया।

(ग) कोई कम्पोज़ किया हुआ टाइप तो नहीं बदल गया।

८ टेबुल के काम में एक एक हेडिंग पढ़ो।

९ फुटनोट के नम्बर की जाँच करो। मैटर का नम्बर उसी पेज में आना चाहिए जिसमें फुटनोट हो।

१० प्रूफ की पूरी फाइल रखो और खास तौर से फाइनल प्रूफ की।

११ कोई भी रिवीजन हो चाहे प्रेस का चाहे स्टोन का टूट हरफ, टढ मढे रूल लाइन या परा के बीच म गलत स्पसिंग राग फाण्ट टाइप एक सी स्टाइल गलत रिफरेंस म छूटन पाव।

१२ सख्त पेंसिल म कभी प्रूफ नहा पढना चाहिए।

१३ लाइनोटाइप का करेक्शन मिलात वक्त पूरी लाइन पढनी चाहिए।

१४ रिवाइज करनेवाले का काम सिफ यह नहा ह कि करेक्शन मिला ल, बल्कि इसके अलावा कुल बात रख जो अच्छी छपाई म जरूरी ममझी गई ह जस स्पेसिंग, लफ्ज का तोडना, फोलियो नम्बर, हेडिंग वगरह।

१५ करेक्ट किया हुआ प्रूफ ऊपर स फटा हुआ होना ह। करेक्शन मिलात वक्त इसको देख लना चाहिए।

इन्सान की तरह एकाएक गर्म कमरे में से बहुत ठंडी जगह में जाने से या बहुत ठंडी जगह से गर्म जगह में जाने से सरेस पर बहुत असर होता है। इस तरह कभी भी नहीं करना चाहिए।


आजकल के जमाने में हर एक प्रेसवाले की यही ख्वाहिश होती है कि कैसे जल्दी अच्छा काम अपने प्रेस में निकालें और खर्च ज्यादा न हो। अगर वह ठीक वक्त से अपने रोलर का इन्तजाम रक्खे तो कोई दिक्कत न हो। सस्ती चीज हमेशा आखीर में महँगी पड़ती है। अगर एक मरतबा अच्छे रोलर बनवा लिये जायें तो कभी दिक्कत न पड़े। रोलर के बनाने में या बाजार से कम्पोजीशन खरीदने में, इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि किस मशीन के लिए या काम के



१ यह रोलर कच्चा था और मुलायम कम्पाजीशन का बना हुआ था। गरमी की वजह से सरेस के टुकड़े निकल पड़े और इसकी सतह को खराब कर दिया।



२ इस रोलर की छड़ पर ढालने से पहले डोरी नहीं बाँधी गई थी। डोरी के बाँधने से गरम छड़ का पता चलता है मगर स्याही के भार ने इस रोलर के सरेस को छोर पर से खींच लिया और रोलर खराब हो गया।



३ यह रोलर बगैर तेल के चलाया गया था जिसकी वजह से छड़ के दोनों किनारे गरम हो गये और उन्होंने पूरी छड़ को गरम कर डाला और सरेस मुलायम हो कर चिथड़े चिथड़े हो गया।

जाते हैं। माना यह रोलर जो कि आगे पीछे हट कर घूमता है। सिर्फ तीन व फर्मे में रोलर लगाए जाने चाहिए। इन रोलरों का जितनी दूर पर एक रंग की स्याही लगी होती है उतनी जगह छोड़ कर अंगुल अंगुल का पास मग्ज में काट दिया जाता है जिससे एक रंग की स्याही दूसरे रंग में मिलने नहीं पाती है।

रोलर अक्सर कई तरह बिगड़ जाते हैं यह ज्यादातर खराब स्याही का कसूर होता है। रोलर के बिगड़ जाने की बहुत शिकायतें सुनने में आती हैं इसलिए उनकी वजह का लिखना जरूरी है।

१ ज्यादा जोर से रोलर का बांधना या ढिलाई वाले रोलर को भी ज्यादा कस कर बांधना।

२ छपने के बाद साफ न होना।

३ ज्यादा तेजाबदार या जल्दी सूखनेवाली स्याही का इस्तेमाल करना।

४ मुलायम रोलर गर्मी में इस्तेमाल करना।

अगर जोर से बांधा गया हो तो उसकी पहचान यह है कि सरस दोनों या किसी किनारे के ८ १० अंगुल छोड़ कर मुलायम हो जाता है। अगर तेजाबदार स्याही या गर्मी की वजह से हो तो जाबजा में से मुलायम होने लगेगा। अक्सर ऐसा होता है कि मशीनमैन कामचोरी की वजह से, फर्मे में नीचे ऊँचे टाइप का ध्यान नहीं रखते और नीचेवाले टाइप में स्याही लगने के लिए रोलर को उसी हिसाब से बांध देते हैं। नतीजा यह होता है कि जो ऊँचे टाइप वगैरह होते हैं वह रोलर से रगड़ खा कर उसको गला देते हैं।

किन किन वजहों से रोलर कम खराब होते हैं उनकी तसवीरें अगले सफे पर हैं।

छपाई की स्याही के लिए फायदा देनेवाली बातें

नीचे लिखी स्याहियां को अपने पास हमेशा रखना बहुत फायदेमन्द है। जाब ब्लैक हाई ग्रेड हाफ टोन ब्लैक वार ब्लैक बुक ब्लैक, अच्छी लाल स्याही जो कि दूकानी कामों में ज्यादातर इस्तेमाल में लाने लायक हो पर्शियन आरेंज ब्रान्ज ब्ल्यू मिलोरी ब्ल्यू परपिल, लेमन यलो, प्रोसेस रेड यलो और ब्लू मिक्सिंग ह्वाइट और कवर ह्वाइट।

किसी तरह की काली स्याही में कोई काली स्याही मिलाई जा सकती है। किसी रंग में सफेद स्याही मिलाकर हल्का रंग बनाया जा सकता है। पेस्ट ड्रायर पेस्ट रिड्यूसर और ०० नम्बर उबाला हुआ अलसी का तेल भी गोदाम में मौजूद रहना चाहिए। यह एक बतानिक बात है कि अगर प्रोसेस रंगीन स्याहियाँ अपने टीन में कई महीने रक्खी रहें तो उनकी सूखा बढ़ जाती है। किसी तरह की भी स्याही टीन से लकड़ी के



५० पौं० स्याही की बाल्टी



४ यह फर्मे वाला पहला रोलर है। इसको गलती से एक तरफ से ज्यादा और से बाँध दिया था। थोड़ी देर चलने के बाद गरम होकर सरेस बह गया।



५ यह फर्मे वाला दूसरा रोलर है। जिस वक्त पहला रोलर गला, तो उसका सरेस इस रोलर पर लिपट गया और उसने इसके सरेस को खींच लिया और उसी के साथ यह भी खराब हो गया।



६ जब तक कि मशीन रोकी जाय उन दोनों का कुछ सरेस इस रोलर में लिपट गया और इसको भी खराब कर डाला।

बनावे। (२) वार्निश, रंग में इस नाप में होना चाहिए कि रंग हरफ़ और कागज़ पर एकसा दिखाई दे। (३) खश्की यह इतनी होनी चाहिए कि स्याही कागज़ पर लगते ही सूख जाय।

हरएक रंग जो छापनेवाली स्याही में इस्तेमाल होते हैं उनमें नीचे लिखी खूबियाँ होनी चाहिए। रंग इस तरह का हो कि वह वार्निश को या रूलॅर को किसी तरह से नुकसान न पहुँचा सके। रंग में इतनी तेज़ी होनी चाहिए कि हल्की से हलकी छपाई में पूरा रंग दिखाई देवे।

रंग अच्छी तरह पिसा जाने के लिए उसमें किसी तरह का गन्द या सख्ती नहीं होनी चाहिए। रंग का वजन बहुत ही हलका होना चाहिए ताकि वह वार्निश में एक दम मिला हुआ रहे। कारबन ब्लैक (काजल) में ऊपर लिखी हुई रंग की सब खूबियाँ पाई जाती हैं। और इसी वजह से छापनेवाले को काली स्याही से छापने में सबसे कम तकलीफ होती है। कारबन ब्लैक (काजल) गैस को जला कर बन्द जगह में बनाया जाता है। ४०० से १००० क्यूबिक फुट गैस के जलाने से एक पाउण्ड काजल बनता है। स्याही में दूसरा सबसे ज़रूरी हिस्सा वार्निश है। वार्निश चाहे जिस चीज़ की बनी हो उसमें नीचे लिखी हुई खूबियाँ होनी चाहिए।

इतनी तादाद में चिकनाहट का सामान हो कि स्याही को अच्छी तरह से फर्मे पर फैला दे, और उसी के साथ इतनी गोंद हो कि असली रंग को चिपकाए और स्याही में ज़ोर पैदा करे जिससे कि साफ छपाई हो, और स्याही सूखने पर चमक जावे। उसमें इतनी लस हो कि रंग के महीन से महीन ज़र्रे मिले हों और उसी के साथ स्याही बगैर ज़्यादती के साथ रंग मिल गाढ़ी हो। स्याही में सतह पर इतना

टुकड या और कार्ड कागज के वोन वग़ैरह म कभी नहीं निकालनी चाहिए।

एक चौबार स्याही की छुरी इस्तमाल करनी चाहिए। और उतनी ही स्याही निकालनी चाहिए जितनी की जरूरत हो। स्याही निकालकर इसको सतह बराबर करके मामा या तेल्हा कागज म बन्द कर दना चाहिए। स्याही हमेशा नाप के मारे टुकड लिरिल किए हुए किसी धातु क टुकडे या बिना पालिश किए हुए पत्थर के टुकड पर मिलानी चाहिए। य टुकड आसानी स धोय जा सकते ह। और दूसरी चीजो पर मिलान स रंग गडबड हो जाता ह। काम खतम हो जान पर जो स्याही बच जाती ह उसको अगर फिर इस्तमाल करना चाहे तो दूसरे खाली बरतन में रख कर मामूली कागज में इस्तमाल किया जा सकता ह।

जब रिड्यूसर या ड्रायर मिलाना हो तो स्याही को स्याहीदान स निकाल कर स्लैब पर मिलावे और फिर स्याहीदान म डाल। स्याही दान में कोई चीज न मिलानी चाहिए।

स्याही और उसका आजकल की छपाई से रिश्ता

अच्छी स्याही की क्या खूबियां होती ह?

सबस पहले स्याही का रग इतना गहरा होना चाहिए कि थोडी सी स्याही म बहुत सा काम निकाला जा सके। वार्निश में इस तरह का चिकनापन होना चाहिए कि स्याही सिलिंडरों और फर्मे पर अच्छी तरह स फल जाय। उसमें इतना गाद होना चाहिए कि छपाई के बाद चमक हो, जल्दी स जमे और सूखने के बाद सख्त हो जाय। स्याही अच्छी और एक दिल पिसी हुई होनी चाहिए। स्याही में तीन चीजें बहुत जरूरी होती ह। (१) रंग जो स्याही के असली रंग को

स्याही और क़ागज़ की फेहरिस्त

किस काग़ज़ पर कौन स्याही काम में लानी चाहिए

कागज़ या जिंस	स्याही	रिड्यूसर या स्याही को मुलायम करने वाली चीज	ड्रायर या सुखाने वाली चीज
कोटिंग सादा	हाफटोन किताबी	मुलायम हाफटोन	जापान ड्रायर
कोटिंग चिकना	हाफटोन	” ,	, ”
मशीन फिनिश	किताबी	०० वार्निश	” ”
आइवरी फिनिश	किताबी या हाफटोन	,	, ,
आर्ट पेपर	हाफटोन	मुलायम हाफटोन	” ,
बॉण्ड या बैंक नोट	बाण्ड या जाब	हाफटोन	पेस्ट ”
चिकना कवर	जाब या किताबी	”	जापान ”
आर्ट कवर	हाफटोन	मुलायम हाफटोन	” ”
रूखा कवर	किताबी	हाफटोन	” ”

ज़ोर होना चाहिए कि हल्के वक्त टाइप पर से पूरी स्याही कागज़ पर उतर आवे।

स्याही का दूसरा ज़रूरी जुज़ ड्रायर है जिसका काम वार्निश को कागज़ पर सुखाना है। कई किस्म के ड्रायर होते हैं। लोगों को यह तो मालूम ही होगा कि अलसी की वार्निश ज़्यादातर मशहूर है। यह वार्निश अलसी के तेल को पका कर बनाई जाती है और इससे यह खुद गहरी हो जाती है। जितनी ही ज़्यादा वार्निश पकाई जायगी उतनी ही गाढ़ी हो जायगी। वार्निश जो अलसी के तेल से बनाई जाती है वह हवा में से आक्सिजन या प्राणप्रद वायु बहुत जल्द सोखती है, और उसकी वजह से सख्त हो जाती है। बहुत से तेल हैं जिनमें यह गुण है मगर वह स्याही बनाने के काम में नहीं लाये गए हैं। इसकी खास वजह यह है कि ये सब तेल अलसी के तेल की तरह रसायनी खासियत हमेशा नहीं रखते।

किसी किस्म की चीज़ पर छापने के लिए आगे लिखी हुई फ़हरिस्त बहुत मदद देगी। अक्सर छापते वक्त स्याहियाँ चाहे वह इस फ़हरिस्त के मुताबिक इस्तेमाल की गई हों तंग करने लगती हैं। बहुत सी मजमूआत आगे लिखी हैं और उनके इलाज भी बयान किए गए हैं। बाज़ वक्त एक ही वजह से कई काम पैदा होने लगती है। मगर उनका अलग अलग बयान किया गया है जिससे कि छापनेवाले को आसानी से पता चल जाए।

पतग	जाब	हाफटोन	जापान ड्रायर
चिकना पतग	हाफटोन	मुलायम हाफटोन	,,
स्पष्ट चढ़े हुए कागज	कवर या बाण्ड	जाब या किताबी	पेस्ट ,,
प्रेस बोर्ड	, ,,	,, ,,	,, ,,
गटापार्चा		कुछ नहीं	, ,,
एल्यूमिनियम	, ,,	,, ,,	,, ,
टीन या जस्त की चद्दर	,	,, ,,	, ,,
लकड़ी	जाब या किताबी	हाफटोन	जापान ,,
रेशम	जॉब	किताबी	पेस्ट ,
सूती कपड़ा	कवर या बाण्ड	जाब	, ,,
चमड़ा	किताबी	हाफटोन	जापान ,

कागज़ या जिस	स्याही	रिड्यूसर या स्याही को मुलायम करने वाली चीज़	ड्रायर या सुखाने वाली चीज़
सस्ते रंगीन कवर	कवर या बाण्ड	हाफ्टोन	पेस्ट ड्रायर
लिफाफे मुलायम कागज़ के	जाब या किताबी		जापान
लिफाफे सस्ते कागज़ के	बाण्ड या कवर	जाब या किताबी	पेस्ट ,,
कार्ड बोर्ड सादा	जाब या किताबी	हाफ्टोन	जापान
कार्ड बोर्ड चिकना	हाफ्टोन या किताबी	मुलायम हाफ्टोन	,,
लेजर	कवर या बाण्ड	जाब या किताबी	पेस्ट
चिट्ठी के कागज़	किताबी या जाब	हाफ्टोन	जापान
मनिला	,,	,,	,,
अखबार या पोस्टर	न्यूज़ या किताबी	०० वार्निश या मिट्टी का तेल	,, ,,
पास बैंड या दस्तावेज़ लिखनेवाला	कवर या बाण्ड	जाब या किताबी	पेस्ट
मोमियाई	,, ,,	जाब या काला	,, ,,

दूसरे में चिपकने लगते हैं। स्याही में पाउण्ड पीछे पसा भर मोम गला कर मिला दिया जाय तो चिपकना बन्द हो जायगा। लिक्विड परा फीन यह दवाखानों में मिलती है दस्तमाल में लाई जा सकती है।

५ स्याही का उखड आना। अकसर स्याहियाँ छपने के बाद पुछ जाती है। यह भी ठीक हो सकता है अगर उसी रंग का जोरदार स्याही या कोई गाढी वार्निश मिला दी जावे और थोड़ा सा पेस्ट ड्रायर भी।

६ स्याही का खाब आना। यह नुक्स बहुत वजूहात से पैदा हो सकता है। (१) ज्यादा स्याही से छापना। (२) दुपिठा करते वक्त जोर का बढना। (३) छपे हुए कागज का ज्यादा रगड के उठाना। (४) रोलर का खराब होना। (५) कम रोलर का इस्तेमाल करना। (६) स्याही का कम पिसा होना। (७) टान का कम होना। (८) या स्टेटिक बिजली का पैदा होना।

स्टेटिक बिजली की मिसाल यों दी जा सकती है, जैसे कि साग के पत्ते को बालों में कई बार रगड़ें और तब कागज के टुकडे उसको दिखाए जायें तो वह उसमें चिपक जाते हैं। वैसे ही जब कागज छपता है और हवा में जरा भी नमी होती है तो तेजी से छपने की वजह से कागज में बिजली पैदा हो जाती है, और आपस में कागज चिपकने लगते हैं। अगर आप चाहें तो इसकी आजमाइश कर सकते हैं और वह ऐसे कि, जिस तरफ कागज छपकर आता हो उधर खड़े हो जाइए और जो कागज छपकर निकले उसपर अपनी बाँह उलटा करके पास करें, तो आपके बाल कागज की तरफ खिंचने लगेंगे।

अगर स्याही का कसूर हो और बहुत जोरदार हो, तो दूसरी मुलायम स्याही मिलानी चाहिए। अगर बिजली ज्यादा पैदा होती हो

१ स्याही का कागज़ को नोचना। जब किसी आर्ट पेपर पर छापते हों या गाढ़े काले रंग छापते हों तो यह शिकायत अकसर पड़ती है। इसकी दो वजह हो सकती हैं। एक तो कम गर्म उस जगह पर जहाँ कि नचना हो या बहुत ज़्यादा स्याही हो। इन दोनों बातों के साथ में भी यह बात हो सकती है। रोलर के ऊपर भी अकसर ज़्यादा छापने से कागज़ नोचने लगता है। यह भी मालूम करना बहुत आसान है और उसकी तरकीब यह है कि एक बार कागज़ पर छापो और प्रेस को रोक कर हाथ से कागज़ फर्मे पर से नोचो अगर कागज़ उठ आवे तब तो रोलर का हल्का करने से सब मिल जावेगा। अगर टेम्परेचर कम हो और स्याही ज़्यादा हो तो इसका इलाज भी किया जावे। अगर स्याही में बहुत ज़्यादा ज़ोर हो या कागज़ कच्चा हो तो मुलायम हाफटोन स्याही थोड़ी सी मिला दो। अकसर बहुत सर्दी से भी यह होने लगता है। ऐसी हालत में प्रेस को गर्म करो। नम कागज़ भी इसमें बहुत तकलीफ देता है। उसका इलाज कागज़ को छापने के पहले पक्का लेना है।

२ स्याही का न जमना। जब स्याही ठीक जमती नहीं है तो इसके माने हैं कि स्याही में ज़ोर नहीं है। इसका इलाज यह है कि ज़ोरदार स्याही मिलाई जावे। अगर ज़ोरदार स्याही न हो तो गाढ़ी वार्निश ५ नम्बर से ऊपर मिलाई जाय।

३ स्याही का भरना। अकसर जब बहुत ज़्यादा गर्मी होती है तब स्याही या वार्निश के पतले हो जाने की वजह से फर्मा भरने लगता है तब उसका एक ही इलाज है कि कोई ज़ोरदार स्याही या वार्निश मिलाई जावे।

४ स्याही का चिपक जाना। अकसर कागज़ छपने के बाद एक

हलके रंग बनाने की तरकीबें

मोटे कागज़ पर अगर सादा प्लेट किसी हल्के रंग में छापना हो तो कवर ह्वाइट स्याही में उस रंग को मिलाओ जिस रंग को हल्का करना हो। कवर ह्वाइट के मिलाने से कागज़ का रंग स्याही में से दिखाई नहीं देगा। अगर ऐसा हल्का रंग बनाना हो जिसमें से दूसरा रंग झलके तो मैगनीशिया या मिक्सिंग ह्वाइट मिलाया जावे और बहुत थोड़ा रंग उसके साथ हो। छापते वक्त स्याहीदान से बहुत कम स्याही आने देनी चाहिए।

सही रंग का इस्तेमाल करना

हरएक छापनेवाले को यह जानना ज़रूरी है कि कौन सा रंग किस रंग के साथ खिलेगा और कौन सा रंग किस रंग के साथ मिलकर कौन सा रंग बन जाता है। बहुत अर्से तक सफेद रंग को सब में पाक और सादा रंग बताया जाता था। मगर अब साबित हो गया है कि सफेद रंग में कुल दुनिया भर के रंग मौजूद हैं और यह बहुत आसानी से, एक तीनपहलू शीशे को धूप के सामने रखकर साबित कर सकते हैं। उस शीशे में से जो रोशनी निकलती है वह नीचे लिखे हुए सात रंगों में फूट जाती है—लाल, नारंजी, पीला, हरा, हलका नीला, नीला, बैजनी।

यह सातों रंग एक दूसरे में मिले रहते हैं। जिस वक्त धूप निकली हुई हो, और पानी बरसे, तो सूरज की सफेद किरनें पानी की बूंदों में से जब चमकती हैं तो आसमान पर इन्हीं सातों रंगों का जलवा दिखाई देता है जिसको धनुष कहते हैं। बहुत सी रंगीन चीज़ें जो हमको दिखती हैं, वह दरअसल उस रंग को नहीं पैदा करतीं, बल्कि हमारी आँख को सिर्फ सफेद रोशनी के साथ मिलकर मालूम होती हैं। इसके माने यह

से गर्मी पहुँचाई जाय। या एक महीन तार की कँघी प्रेस के उस हिस्से पर जहाँ कागज छपकर आता है लगा दी जाय। और इस कँघी से एक तार जोड़कर मोटर के अर्थ के तार में मिला दी जाय अगर मोटर से प्रेस न चलाया जाता हो तो उस तार को जमीन में छ सात फुट गहरे गाड़ देना चाहिए।

७ स्याही का बहुत जल्द सूखना। यह नुक्स सिरफ जाड़ों में अक्सर पैदा हो जाता है। एक रंग पर जब दूसरा रंग नहीं जमता तो थोड़ा सा पीला मोम गलाकर (पाउन्ड पीछे ३ तोला भर) मिलाना चाहिए।


८ रोलर पर स्याही का सूखना। यह नुक्स अक्सर स्याही के बहुत जोरदार होने से पैदा होने लगता है। सिवाय मुलायम स्याही मिलाने के और कोई इसका इलाज नहीं है। मुलायम स्याही मिलाने का फायदा यह है कि रंग बदलने नहीं पाता।

९ स्याही का स्याहीदान में से न निकलना। अगर स्याही स्याहीदान में घूम घूम कर रह जाय तो इससे मालूम होगा कि उसमें जोर बिल्कुल नहीं है। तब जोर बढ़ाना पड़ेगा।

१० काली स्याही का दूसरी रंगीन स्याही पर न जमना। जब ऐसी बात पैदा हो तो थोड़ा मोम गला कर मिला देना चाहिए।

११ एक स्याही का दूसरी स्याही में मिलाना। स्याहियाँ गाढ़ी से गाढ़ी और मुलायम से मुलायम बनाई जाती हैं। उनकी किस्म आगे लिखी है। कागज पर छापनेवाली स्याही सबसे गाढ़ी होती है उसके बाद कवर की स्याही बाद जाब हाफटोन। मुलायम हाफटोन सबसे मुलायम होता है। अब छापनेवाले इन स्याहियों को एक दूसरे में मिलाकर अपने मतलब के लायक स्याही बना सकते हैं।

चाहिए। जब हमको यह मालूम हो गया कि किस रंग का किस रंग के साथ क्या असर है तो हम दो सही रंग मिलाकर छाप सकते हैं। अगर हमको कोई काम दो रंग में छापना हो और एक रंग लाल रखना मंज़ूर हो तो हमको दूसरा कोई ठण्डा रंग लगाना चाहिए यानी हरा।



रंग का चक्र

हम पहले तिरंगे चित्र की छपाई में समझा चुके हैं कि सब रंग अव्वल तीन रंगों से बने हैं—यानी पीला, लाल और नीला। ऊपर जो नक़्शे दिए हैं उनसे यह मालूम हो सकता है कि कौन कौन रंग मिलाने से कौन रंग बन जाता है। छपाई में इसका ख़याल रखना चाहिए कि जिन दो अव्वल रंगों से एक दोयम रंग बनता है, तीसरा अव्वल रंग

है कि उसमें एक खास ताकत है कि दूसरे रंगों को वह दबा लेती है और दूसरे रंग को वह चमका देता है जिसको हम देखते हैं। एक चीज जो कि हमेशा ध्यान रखना है वह यह है कि रोशनी में गहरे रंग तो उभर आते हैं और हल्के रंग फीके हो जाते हैं। हमारी समझ में बिल एक मामूली सी मिसाल यह है मालूम है कि पीला कागज रात को बिजली की रोशनी में उतना पीला नहीं मालूम होता जितना कि अगर उस बिजली के ऊपर नीला कागज रखा जाय यहाँ नीली रोशनी पड़ा करती है। कोई यह सवाल करे कि गहरे रंगों में से जो सात रंग निकलते हैं उन रंगों को मिलाकर हम कैसे न सफेद रंग बना लें? इसका जवाब यह है कि अभी तक हम यह मालूम नहीं कर सके हैं कि कौन रंग किस मिकदार में मिलता है जिससे सफेद रंग बनता है।

इस तरह रंग का ठण्डा या गर्म असर होता है।

ठण्डे रंग	बैंजनी नीला हल्का नीला हरा
गर्म रंग	लाल नारंजी पीला

बैंजनी से लेकर हरे तक रंगों का असर ठण्डा होता है। और नीचे के तीन रंगों का असर गर्म होता है। मगर कोई सवाल करे कि गर्म या ठण्डे रंग और छपाई से क्या मतलब? तो उसका जवाब बहुत सहल यह है कि जैसा काम छपाई में दिखाना हो वैसे ही रंग में छापना

(१) दो या तीन अव्वल या दोयम रग लगा दिए जायें। (२) एक कोई रग पसन्द किया जावे उसका दूसरा मुकाबले के रग या एक हलका और एक गहरा रग लगाया जावे। अब अगर लाल रंग पसन्द किया तो उसके साथ गहरा हरा और हलका हरा यानी मूगिया और धानी अच्छा लगेगा। एक और तरीका रग मिलाने का यह भी है कि एक बहुत तेज रग इस्तेमाल किया जावे और दूसरा बिल्कुल हल्का, जो रग के चक्र में आ सकता हो। जैसे आसमानी और गहरा बादामी। नीचे एक फेहरिस्त दी हुई है जिसमें कि दो रग जो साथ छापे जा सकते है, दिए हुए है।

काही और नारजी	नारजी और पीला
काही और काफूरी	लाल और मैला हरा
काला और नारजी	पीला और काही
काला और आसमानी	मूगिया और बजनी
काला और धानी	हरा और बजनी
लाल और मूगिया	काला और जोगिया
बैजनी और पीला	काला और लाल
काफूरी और धानी	सुर्ख और तेज हरा
जोगिया और आसमानी	सुर्ख और काही

तीन रगों के मेल

लाल पीला और तेज नीला।
काला, फीरोजा और हल्का नारजी।
बजनी, काही और हल्का जोगिया।
बजनी बदामी और हलका नारजी।

इस शोख़ रंग में इस्तेमाल किया जाए तो अच्छा मालूम होगा। जैसे कि अगर रजनी रंग (जो नीले और लाल से मिलकर बना है) इस्तेमाल किया जाए तो दूसरा रंग पीला होना चाहिए।

अगर गर्म रंग इस्तेमाल के बाद उसका कोई ठण्डा रंग दिखाई दे तो नज़रों को निगाह से भी आराम मिलता है। एक मज़े की ही मज़ेदार तमाशा इस बारे है और वह यह है कि एक सफ़ेद कागज़ लीजिए और उसके ऊपर बीचोंबीच में चने के बराबर किसी रंग से गोल निशान बनाइए। उसको गौर से आधे या पौन मिनट तक देखते रहिए और अगर पलक मारे बगैर सफ़ेद कागज़ का टुकड़ा उस रंग के ऊपर से हटा लें तो आपको वह रंग नहीं दिखाई देगा बल्कि उसका दूसरा जोड़ा वाला रंग दिखने लगेगा। मसलन अगर लाल धब्बा बनाया है तो हरा दिखने लगेगा।

रंग के चक्र से बहुत आसानी से मालूम हो जायगा कि किस रंग के साथ कौन रंग लगाना चाहिए। अगर एक रंग पसन्द किया तो इस चक्र की दूसरी तरफ़ का रंग लगाना चाहिए।

बाज़ वक्त असली रंगों के अलावा गहरे या हलके रंग लगाने की ज़रूरत पड़ती है तो उसमें दूसरा रंग कुछ ज़्यादा मिलाना पड़ता है जैसे कि हरा (जो नीले और पीले रंग बराबर के हिस्सों में मिलाकर बनता है) अगर मूँगिया बनाना हो तो नीला रंग कुछ ज़्यादा तादाद में मिलाना पड़ेगा। अगर धानी बनाना हो तो पीला ज़्यादा मिलाना पड़ेगा।

कई रंगों का मेल करना

२७८ एक काम को कई रंगों में छापने में दो तरीके इस्तेमाल किए जाते हैं।

स्याहियों को मिलाकर बनाना

रंग	अंग्रेजी नाम	हिस्से	
गुलाबी	पिंक	४ लाल	१ सफेद
जोगिया	सामन	१ नारंजी	२ सफेद
हल्का हरा	लाइट ग्रीन	१ हरा	१ पीला
गहरा हरा	डार्क ग्रीन	२ नीला	१ पीला
पन्ना हरा	एमरल्ड ग्रीन	१ हरा	३ सफेद
धानी	यलो ग्रीन	१ गहरा नीला	१०० पीला
मूंगिया	न्यू ग्रीन	१ नीला	२ हरा
सुनहरा हरा	ब्रान्ज ग्रीन	२ सुनहरा पीला	३ पीला
जैतूनी हरा	आलिव ग्रीन	१ नीला	६ नारंजी
हल्का बदामी	टिंट ब्राउन	१ लाल बदामी	४० सफेद
नसवारी बदामी	स्नफ ब्राउन	८ सिंदूरी	१ गहरा नीला

नारंजी, गहरा बादामी और गहरा नीला।
सुनहरा हल्का नारंजी और हरा।
नारंजी गहरा हरा और काला।
उन्नाबी हल्का हरा और काला।
काफूरी नारंजी और मैला नीला।
लाल सुनहरा और गहरा नीला।
तेज लाल काफूरी और धानी।
नीला काफूरी और उन्नाबी।

चार रंगों के मेल

नीला लाल सुनहरा और बैंजनी।
उन्नाबी, जैतूनी, काफूरी और धानी।
नारंजी, गहरा नीला आसमानी और काही।
तेज लाल स्लेटी नीला हरा और मैला नारंजी।
बैंजनी पीला तेज नीला और जैतूनी।

छः रंगों के मेल

नीला हल्का हरा तेज काही हल्दी हल्का पीला और हरा।
गहरा लाल जोगिया हल्का पीला उन्नाबी फालसई और सुनहरा।

एक रंगीन स्याही पर दूसरी रंगीन स्याही का छापना

एक रंगीन स्याही को दूसरी रंगीन स्याही पर छापने के बाद रंग दूसरा दिखने लगता है। जैसे लाल पर नीला छापा जावे तो बैंजनी मालूम होने लगेगा या नीला पीले पर छापा जावे तो काही दिखाई देगा।

रंगीन स्याही से रंगीन कागज पर छापना

यह भी जानना जरूरी है कि अगर किसी रंगीन स्याही म किसी रंगीन कागज पर छापें तो कैसा लगेगा। नीचे एक फहरिस्त दी जाती ह, जिसस बहुत वक्त बच सकता ह।

लाल कागज

लाल स्याही और तेज मालूम होती ह।
नीली, बजनी मालूम होन लगती ह।
बजनी, और तेज हो जाती ह।
नारंजी, सुर्खीमायल हो जाती ह।
हरी, बादामीमायल पीली हो जाती ह।
पीली, नारंजीमायल बादामी हो जाती ह।

नारंजी कागज

लाल, चमकदार हो जाती ह।
नारंजी और गहरी हो जाती ह।
पीली, हलका नारंजी हो जाती ह।
हरी, खाकी बदामी हो जाती ह।
नीली, सुर्खीमायल बदामी हो जाती ह।
बजनी, मटीली लाल हो जाती ह।

पीला कागज

लाल नारंजी मालूम होन लगती है और नारंजी हलकी नारंजी।
पीली और गहरी हो जाती ह।

रंग	अंग्रेजी नाम	मिश्रण	
पीला बदामी	यलो ब्राउन	८ पीला	३ लाल बदामी
तांबा बदामी	कापर ब्राउन	१५ सिंदूर	१ काला
हरा बदामी	ग्रीन ब्राउन	७ लाल	४ हरा
लाल बदामी	रेड ब्राउन	१२ लाल	१ काला
बजनी ब्राउन	परपिल ब्राउन	६ लाल	१ गहरा नीला
चाकलेट बदामी	चाकलेट ब्राउन	१२ लाल	७ गहरा नीला
फोग्गे बदामी	फोग्गे ब्राउन	१ सिंदूर	१ काला
सीपिया	सीपिया	४ नारंगी	१ काला
हलका बजनी	लाइट परपिल	१ बजनी	१ सफेद
टाइपराइटर बजनी	टाइपराइटर परपिल	१ बजनी	५ सफेद
राखी	ग्रे	१२ सफेद	१ काला
नीला राखी	ब्लू ग्रे	२ राखी	१ नीला
स्लेटी	स्लेट	६ सफेद	१ काला

गहरा हरा	सुनहरा और सफेद वाला और हल्का हरा।
हल्का रानी	तेज नीला और सुनहरा लाल और रस्टी।
हल्का लाल	तेज हरा, नीला और सफेद सुनहरा जमुनी बन्गामा।
तेज लाल	गहरा हरा जर्मीमायन लाल और गहरा पाला, सुनहरा और सफेद।
हल्का पाला	लाल, हल्का नीला।
सफेद	पत्ता हरा गहरा नीला तेज लाल नारंजी और वाला आसमानी और काला नारंजी और गहरा नीला, तेज लाल और हल्का हरा।

यह ऊपर के कागज अगर कवर या दफ्ती के लायक हो तो कवर वाली स्याहियाँ इस्तेमाल होना चाहिए।

धात मिली स्याहियाँ

अच्छा काम निकालने के लिए यह बहुत जरूरी है कि धात मिली स्याहियों में छापने के लिए कई बातों का ध्यान रखा जाय। यह स्याहियाँ धात के बुरादे और वार्निश से बनती है और ज्यादातर अलग अलग बिकती है। जब वार्निश और बुरादा मिलाया जाय तो इसका खयाल रहे कि न बहुत ज्यादा पाउडर हो न बहुत ज्यादा वार्निश। क्योंकि अगर वार्निश ज्यादा होगा तो चमक मारी जावगी और जो बुरादा ज्यादा होगा तो स्याही नहीं चढ़ेगी। जहाँ तक हो सके स्याही बहुत गाढ़ी नहीं बनानी चाहिए। अगर फर्मे में मैटर ज्यादा हो तो ४५ फी सदी पाउडर और ५५ फी सदी वार्निश होनी चाहिए। अगर मोटे ब्लाक हों तो ४० फी सदी पाउडर और ६० फी सदी वार्निश होनी चाहिए। मिलाते वक्त पाउडर में वार्निश थोड़ी थोड़ी मिलानी

हरी धानी मालूम होने लगती है।
नारंगी मन्द पीली मालूम होती है।
बैंजनी मटमैली फालसई मालूम होती है।

हरा कागज

लाल मन्द पीली मालूम होती है।
नारंगी गहरा मन्द लाल मालूम होती है।
पीला धानी हो जाती है।
हरा और गहरा हो जाता है।
नारंगी मूंगिया मालूम होती है।
बैंजनी मटीली नीली मालूम होती है।

किस कागज पर कौन रंग अच्छे लगते हैं

कागज	रंग
काला	तेज़ लाल सुनहरा और सफ़ेद हल्का नीला और रुपहरा।
हल्का नीला	बैंजनी गहरा नीला हल्का पीला पीला बदामी और काला।
गहरा नीला	हल्का नीला और सफ़ेद हरा और जर्मीमायल लाल गहरा लाल और सुनहरा।
हल्का बदामी	हरा खाकी और हल्का ऊदा गहरा बदामी और रुपहरा।
गहरा बदामी	जर्मीमायल लाल काला और सफ़ेद।
हल्का हरा	सुनहरा गहरा बदामी जर्मीमायल लाल गहरा हरा।

नीचे लिख हुए तरीकों से कुछ मदद मिल सकती ह।

बहार के मौसम म नाजुक रगो क मेल से इश्तहार की खबी बढ जाती ह जस कि पीलापन लिए हरा फाल्सई आसमानी अनारी हल्दी वाले रग मूंगिया, धानी हल्का पीला, सफद फाख्तई, रावी आसमानीमायल हरा फीरोजी, हल्का बसमा और काफूरी।

नीचे जो ठण्ड रग लिखे हुए ह निहायत उम्दा मालूम होगे अगर जेठ बसाख के मौसम में छाप जावें आल्चई रुपहरी जतूनी हरा ब्राउन कहू, पीला, बसमा, गुलाबी, तरबजा हल्का नीला काला सफद, शरबती और मोतिया।

पानी मिली स्याहिया

आमतौर से स्याही वार्निश मिला के बनाइ जाती ह मगर कुछ अरस स रग पानी और गोद मिलाकर स्याहिया बनने लगा ह। ये स्याहियाँ निहायत खूबसूरत भडकील कामो मे इस्तेमाल म लाई जाती ह और छपने के बाद ऐसी लगती ह जसे कि रगीन खडिया से कोई काम बनाया गया हो। ये कई किस्म की बनाई जाती ह लाइन ब्लाक क वास्त, हाफटोन के वास्ते और कवर छापन के लिए। दूकानो को सजाने क लिए, काड इस स्याही से काड बोर्ड पर अक्सर छापा जाता है।

न दिखाई पडनेवाली स्याहियाँ

इस मेल की कई स्याहियाँ बनती ह। एक स्याही तो बहुत हल्क गुलाबी रग की होती ह और गुलाबी कागज पर छपने पर कागज क रग स मिल जाती ह और दिखाई नही देती। जिस वक्त इस स्याही का २८७
छपा हुआ कागज किसी तरह की गरमी क पास (जसे आग या बिजली

चाहिए। अगर छापने वाले रोलर या सिलिंडर और प्लेट पर स्याही अधिक लग जाने से ऐसा मालूम हो कि पाउडर ज्यादा है, थोड़ा सी वार्निश और मिलाओ।

स्याही उसी वक्त बनानी चाहिए जब जरूरत हो, और स्याही के डिब्बे हमेशा बन्द रहने चाहिए। सुनहरी स्याही के बनाने में दुगना पाउडर मिलाना पड़ता है क्योंकि वह हल्का होता है। छापते वक्त सिलिंडर और रंग में रंग कर लीजिए, पैकिंग मुलायम रखिए और हल्के हाथ से छापिए। सब टाइप और ब्लॉक सच्चे टाइपहाई होने चाहिए और रोलर खूब जानदार हों। घिसाई के रोलर इस्तेमाल नहीं होने चाहिए वरना स्याही की चमक मारी जाती है। रोलर को हल्के तौर से बाँधना चाहिए और जितने कम रोलर हो सकें उतने इस्तेमाल करना चाहिए। छापते वक्त रोलर साफ करने की जरूरत पड़े तो एक नम कपड़े से पोंछ डालना चाहिए। अगर छपने के बाद अच्छी नहीं सूखे तो थोड़ा सा ड्रायर मिलाकर छापना चाहिए। वरना स्याही अगर चिकने कागज पर छपी है तो हाथ लगाते ही पुंछ जायेगी। ७० डिग्री फ़ारेनहाईट पर गरमी रहनी चाहिए। अगर इससे कम गर्मी हो तो प्रेस के पास अँगीठी रखना चाहिए या कम ड्रायर इस्तेमाल करना चाहिए। सुनहरी स्याही से अगर रफ़ कागज पर छापना हो तो पहले कवर ब्लाक से छाप लिया जावे उसके ऊपर सुनहरी से छापा जाय।

जैसी फसल वैसा रंग

छापनेवालों को इस बात का हमेशा ख्याल रखना चाहिए कि जैसा मौसम हो उसी लिहाज से रंग इस्तेमाल किया जाय और खास कर ऐसी चीजों में जैसे कि दुकान के सजाने के इश्तेहार वगैरह।

सोलहवाँ अध्याय

खास खास तरीक़े की छपाई

सोने के बुरके से छापना

आजकल बहुतेरे कामों में बुरक की जगह सुनहरी स्याही इस्तेमाल की जाती है। बहुत से ऐसे काम हैं जिनमें बुरक ही का इस्तेमाल होना चाहिए। क्योंकि सुनहरी स्याही से कितना ही अच्छा छपा हो बुरक की खूबी को नहीं पाता। इन कामों को भी छापते वक्त पहले ही मामूली तौर से मेकरेडी कीजिए। जब मेकरेडी कर चुकें तब प्रेस को साफ करके मामूली स्याही की जगह बुरक वाली स्याही इस्तेमाल कीजिए या पीली स्याही। अगर रुपहरी छापना हो तो सफेद या बहुत हल्की नीली स्याही। यह मालूम होने के लिए कि स्याही ठीक आ रही है या नहीं सुनहरे बुरक को रुई से उठा कर उसपर बुरकिए। अगर खूब चमक आ जाय तो मालूम हो जायगा कि स्याही ठीक है। बहुत ज्यादा बुरकना नहीं बुरकना चाहिए, और बीस पच्चीस कागज़ के बाद रुई बदल डालो। छपना और बुरक का बुरकना साथ साथ होना चाहिए। अगर छाप के रख दिया जायगा तो बुरका नहीं जमेगा। हल्के से बुरके को उठाओ और हल्के से रुई से लगाओ। ज्यादा चमक लाने के लिए अलग रुई को तह लगे हुए कागज़ पर रगड़ो और उस रुई से हल्के से पोछो। जिनके पास दफ्ती पर माने

या चूहा) रगड़ने से छपे हुए हरफ साफ हो जाते हैं। और टूटा एक से फिर हरफ गायब हो जाते हैं।

एक स्याही जो कि ट्रांसपेरेंट प्रिंटिंग मीडियम और पेस्ट ड्रायर मिलाकर बनाई जाती है छापने के बाद दिखाई नहीं देती। अगर इसका पन्ना मंजूर हो तो किसी काली पेंसिल से उसपर रगड़ा जाय तो छपा हुआ हिस्सा दिखने लगेगा।

पोस्टर की स्याहियाँ

ये स्याहियाँ सस्ती किस्म की होती हैं। और मामूली किताबी काम के छापने की स्याहियों की तरह जोरदार नहीं होतीं। पतली वार्निश से बनी होती हैं।

फोटो ग्रेव्योर की स्याहियाँ

मामूली किताबी स्याही या लिथोवाली स्याही उन मसालों से बनाई जाती है जो कागज पर छूकर उसकी तह में घुस जाते हैं और स्याहियाँ सूख जाती हैं। मगर फोटो ग्रेव्योर की स्याहियाँ मेथलेटेड स्पिरिट की तरह कागज पर लगते ही उसका गीलापन उड़ जाता है और स्याही कागज पर सूखी दिखाई देती है। जाड़े और गरमी के लिए पतली और गाढ़ी बनाई जाती है।

कि किताब के अन्दर होता है। एक कवर के दो रंग में छापने की तरकीब जिसमें कि तीन रंग की छपाई की खूबसूरती आवे नीचे लिखी है।

हालांकि यह तरकीब अनोखी नहीं है मगर अक्सर लोगों को नहीं मालूम होगी, इसलिए यह यहाँ दी जाती है। एक लाल रंग का कवर का कागज़ है जिसके ऊपर दो तरह की स्याही के छापने से तीन रंग की छपाई मालूम होती है, सफेद हरा और काला। इस कवर को दो रंग में छापना होगा।

इसका तरीका यह है कि पहले कवर ह्वाइट से ग्राउण्ड छाप लिया जाय जिसमें कि किताब का नाम खुदा हुआ हो। एक बार्डर हरी स्याही से छापा जाए जो कवर डिज़ाइन हो। इसमें एक अच्छा हरा रंग खिल उठेगा। जहाँ जहाँ सफेद है वहाँ सिर्फ असली रंग आएगा। लेकिन जहाँ पर लाल होगा वहाँ पर काला दिखाई देगा। क्योंकि तिरंगे चित्र छापने के उसूल से पीला नीला और लाल मिलकर काला हो जाता है। इस तरीके से बहुत अच्छे अच्छे रंगीन काम छप सकते हैं। कौन रंग किस रंग के संग खिलता है यह पीछे लिखा जा चुका है।

ताँबे की चद्दर पर खोदना और उसकी छपाई

आजकल जो लोग ज्यादा शौकीन हैं वह अपने कार्ड और चिट्ठी के कागज़ खुदी हुई ताँबे की प्लेट से काली या रंगीन स्याहियों में छपवाते हैं। यह दो तरीके से खोदी जाती है, एक तो हाथ से और दूसरे खोदने वाली मशीन से। किसी किस्म की छपाई इसकी खूबसूरती को नहीं पा सकती। यह प्लेट हाथ से छोटी मशीन पर छापी जाती है,
और अगर ज्यादा मिकदार में छापना हो तो बड़ा वक्त खर्च होता है।

थ गत्ते स्याही का प्रभाव नहीं होता है यह यह कर जाता है दबाता रहता है साथ उस कागज को उसी जिस पर अधिक स्याही और गत्ते किताब के ऊपर टाल कागज बड़ा के साथ में था आ गया है उस का सा छपा हुआ मालूम होने लगता।

जिस कारखाने में इस किस्म का काम, मेंडलपट ज्यादा आता हो उसको फोल्डिंग मशीन इस्तेमाल करना चाहिए। इस म



कार्मन्विया आटोमेटिक फोल्डिंग मशीन

में कागज एक एक कर अपने आप चला जाता है और दूसरी तरफ मुड़ा हुआ मोड़ लिया हुआ कागज निकलता आता है। मशीन उतनी तेज काम करता है जितना तेज से तेज फ्लैटबेड प्रेस

कवर की छपाई

अक्सर प्रकाशक आकर प्रेस वाले से यह सवाल करते हैं कि "ऐसी चीज छपकर दीजिये जो खूबसूरत हो और सस्ती ज्यादा हो।' यह आशा जो कि एक प्रकाशक को रहा करता है ज्यादा पा सकता है। किताब का कवर एक ऐसी चीज है जिसके रंगीन

भड़कीले होने से किताब की कीमत और खूबसूरती बढ़ जाती उसकी खूबसूरती इसी में है कि बहुत ज्यादा मैटर न दिया जाय

के अलावा वही स्याही न रहे। जब प्लेट साफ हो जावे तो कागज या कार्ड जिस पर कि छापना हो प्लेट के ऊपर रख दिया जावे। और मशीन के हत्थे को दाहिनी तरफ घुमावे तो सिलेण्डर जिसपर कि अस्तर चढ़ा हुआ है दबाकर दान दे देगा और उस कागज या कार्ड पर स्याही जम जायगी। छपने के बाद मशीन घुमाकर फिर उसी जगह ले आना चाहिए, और फिर उसी तरह प्लेट पर स्याही लगाकर छापना चाहिए। इसका आप घंटे में डेढ़ दो सौ से ज्यादा नहीं छाप सकते।

जब मशीन से प्लेट खोली जाती है, तो प्लेट छुरी के नीचे रख दी जाती है। और सूई प्वाइंट के हरफों पर चारों तरफ घुमाई जाती है तो प्लेट आपसे आप खुल जाती है। प्लेट को हमेशा बिना तेल लगा लिफाफे में रखना चाहिए। हल्के कागज पर प्लेट छपा हुआ अच्छा नहीं लगता। मुलायम कागज इसके लिए बहुत खराब होता है। कुछ नमूने प्लेट की छपाई के लिए हुए हैं।

लोहे के टुकड़े पर मोहर का खोदना और उसका छापना

असली मकसद लोहे की डाई बनाने का और उससे छापने का यह है कि उसमें निहायत खूबसूरत उभरी हुई छपाई होती है। तांबे की प्लेट की छपाई में, हरफों का उभरापन बहुत खफीफ सा मालूम होता है। मगर डाई का छपा हुआ बहुत ऊँचा उठा होता है क्योंकि एक तो इसमें गहरे हरफ खुदे होते हैं और दूसरे कागज खुदाई में घुस कर छपता है। इसकी खुदाई दो तरह से होती है। एक तो हाथ से जैसे कि, तांबे की प्लेट पर और दूसरे ब्लाक बनाने के उसूल से। कोई तसवीर, नक्शा, मोहर छपी हुई लाइनें वगैरह उतारी जाती है और इसके बाद या तो हाथ से खोदी जाती है या तेजाब से गन्दा कर लिए जाते


























डाई की छपाई के नमूने। नीली और हरी स्याही में असली डाई से छपा ह, बाक़ी सब नमूने ह

इचौर किया हुआ

प्लेट पर दस से बढ़ा हुआ नमूना

प्लेटन पर उभरे हुए हरफ़ की

आधुनिक छपाई

छपा हुआ कागज़ पर ि
एक ख़ास मशीन में
रखा जाता है और एक
आग उगली जाती है।
गर्मी से मसाला पर च
निकल उठता है। यह मस
इस तरह भी बना सकते है।
और कपड़े से छाप कर रख



विरकोटाइप

असली और नकली छपाई का पहचा
का गई में छपा हुआ होगा छपाई के पीछे
और नकलों में यह नहीं होगा।

प्लेटन पर उभरे हुए हरफ़ का छापना

अगर किसी टाइप को उभरा हुआ छापना चा
एक साफ चिकने कार्डबोर्ड पर प्रूफ उठा लें। इस
 किसी ब्लाक बनानेवाले कारखाने में रिवर्स ब्लाक
ब्लाक उसको कहते है जिसमें कि जमीन वाली और ह

मज़बूत मज़बूत और मल रग या निल्हा होता है। इसपर जब छापना हो तो हरएक कागज़ को छापने से पहले बारीक पिसे हुए मगनीशिया से रगड़ देना चाहिए। मगर रुई रबर रगड़ने के बाद पोंछ डालना चाहिए और फौरन ही जोरदार काली स्याही से छाप दे वरना चिकनाई फिर ऊपर आ जायगी और स्याही नहीं जमेगी।

प्लेटन पर कागज़ या बोर्ड को काटना

कभी कभी ऐसा काम छापने को मिल जाता है जिसमें कि तमाम में खास नक्काशी या कहानियादार टिकट। पहले तो असली नकल से कुछ बड़े कार्ड या कागज पर मदद छाप कर उसके बाद जिस नक्श का कार्ड काटना हो वह नक्श एक पुराने ब्लाक की लकड़ी पर पेंसिल से खींच दे और उस लकड़ी को महीन मानूनी आरी से जो बाजार में मिलती या जिगसॉ कहलाती है निशान पर आरपार काटना जाये। फिर लोहकार पटिङ्क लेकर उसी नक्श की धार बना कर इस कटे हुए निशान में घुमा दे। अब इस लकड़ी को कल समेत फर्मे में कस ले और बगैर रोलर के मशीन चलाएँ। टिम्पन या अस्तर के नीचे एक पीतल या लोहे की चद्दर रख दे और एक कार्ड लगा कर देखें। अगर ठीक सच्चा कट जाय तो इन्तजाम ठीक है। अगर कार्ड कट के लकड़ी और कल के बीच में फँस के रह जावे तो कागज के तीन चार छोटे छोटे टुकड़े कल के अन्दर की तरफ सरेस से चिपका दे तो फिर नहीं घुसेंगे। कल पर इतना पानी होना चाहिए कि काटते वक्त उसकी धार न मुड़ जाय। प्लेटन के नीचे एक मोटा कागज बिछा देना चाहिए जिसमें कि कतरनें सब उसी में गिरें।

चीज बहुत दिनों तक उसी शक्ल की बनी रहती है, जिस शक्ल की छापी गई है।

शीशे पर छापना

जिस ब्लाक या टाइप से छापना हो, उसको फर्मे में कस के स्याही लगाइए। स्याही जोरदार होना चाहिए। शीशे की चिकनाई छुड़ाने के लिए सोडे से या बहुत हल्के नाइट्रिक एसिड से साफ कर लें और पोंछ डालें। एक साफ अगर स्याही लगा कम्पोजीशनवाला रोलर लेलें, और स्याही लगे फर्मे पर हल्के से घुमा लें उसके बाद शीशे पर हल्के दाब से कस कर घुमाएँ तो कुल फर्मे का टाइप बराबर शीशे पर उतर आएगा।

सादे रंगीन ब्लाक को रेडी करना

सादे रंगीन ब्लाक को छापने के लिए, जब कि पूरे ब्लाक में एकसा रंग दिखाना हो तो एक अस्सी पाउण्ड आर्ट पेपर पर टान लेलें और उस कागज को स्याही के चारों तरफ बराबर कैंची से काट लें। फिर दुबारा एक या दो प्वाइण्ट चारों तरफ से किनारे और छाँट दें और बहुत पतली लेई से अस्तर पर चिपका दें। इसके करने से ब्लाक के किनारों पर जोर नहीं आने पाता और एकसा सब छपता है। अगर एंटीक या रूखे कागज पर छापना हो तो ज्यादा भारी आर्ट पेपर लेकर वैसे ही चिपका दें।

पार्चमेन्ट पर छापना

पार्चमेन्ट उस कागज को कहते हैं जिस पर कीमती दस्तावेजें या यूनिवर्सिटी के सर्टिफिकेट वगैरह छापे जाते हैं। यह कागज मोटा,



लिनोलियम पर खुदा हुआ ब्लाक

पोर्टी पब्लिशिंग कम्पनी की कृपा से प्राप्त

रंग के कोनों का मिलाना

जब दो रंग एक में मिलाए जाएं तो दोनों किनारे आधे आध इंच चौड़े होने चाहिए जिससे मीटिंग करना पड़ता है। वरना रंग टूटा लगेगा। अगर गुप्त प्रकार रखने में या पुराना नया रंग मिला कर इस्तेमाल करने में या ऊँचा नीचा रंग इस्तेमाल करने से भी छपने में गड़बड़ आता है। गड़बड़ कोनों के जोड़ मिलाने की एक आसान तरकीब यह है कि डिज़ाइन या ब्लाक पर एक दाग दें और बहुत महीन पट्टी चिपका दें टिप्पू या कलम से कागज़ की निशान कम उतने कोने पर निशान दें पर पूरे कोने पर हरगिज़ मत दिखलाएं वरना दाग पड़ जायगा। बाज़ दफ़ा यह तरकीब कुछ काम नहीं आती। उस वक़्त एक बहुत चिकनी उस्तुवाना पत्थर या मिट्टी से सात हाथ घुमा कर हमें में रगड़ देना चाहिए।

लिनोलियम ब्लाक से छापना

लिनोलियम वह चीज़ होती है जो कि अक्सर रंग के ऊँचे मकान में फ़र्शों के फ़र्श पर लगी रहती है। यह एक क़िस्म की मोटी कैनवस होता है जिसपर कि रंगीन फूल रोगन से बने होते हैं। यह चीज़ काई दस बारह बरस से लकड़ी पर जड़ के ब्लॉक की तरह छापने में काम आती है। बाज़ मरतबा बहुत ख़ूबसूरत छपाई हो सकती है। अगर छापनेवाला होशियार हो तो उसके ऊपर तरह तरह के नक़्श पेन्सिल से बना कर वह उसको ख़ुद ही खोद सकता है और लाइन ब्लाक की तरह छाप सकता है। चूंकि लिनोलियम आध सूत से लेकर दो सूत तक

३०० की मिल सकती है इसलिए छपने में कुछ दिक़्क़त पेश नहीं होती। इसके काटने की तरकीब यह है कि तेज़ छुरी से पीछे की तरफ़ कनवेस को

काट ले और रग की तरफ मोड दे वह सफा टूट जावेगी। यह लकडी पर कनवस की तरफ सरेस लगा कर चिपकाई जाती है। सूखने के बाद या तो उसी पर उलटा नक्शा बना कर लोहे के कलम से खोदा जाती है, या जिंक की तरह कागज पर नक्शा बना कर लिनो लियम पर उतार लेते है। लिनोलियम ब्लाक से छपा हुआ नमूना सामने छपा हुआ है।

पीतल या टीन पर छापना

जब कभी ऐसे धातु पर छापना हो तो उनपर एक मखमली ब्रुश से वार्निश लगा देनी चाहिए। जब वह सूख जावे तब छापना चाहिए अच्छा छपेगा।



टीन पर छापने की मशीन

छपते वक्त कागज़ की सिकुड़न को दूर करना

अगर किसी फर्मे में किसी खास जगह छपने वक्त कागज सिकुड़ जाता हो तो उस जगह पर फर्मा खोल के उस बार्डर या रूल के पास जहाँ कि सिकुड़न आती हो एक लेड और छ प्वाइन्ट छड कस दिया जावे। यह टाइपहाइट से नीची होगी। उसी जगह पर अस्तर में एक मोटा कार्डबोर्ड उतना ही चौडा और लम्बा अन्दर चिपका दिया जाव

रहा है। उसके बाद फर्मे को निकाल कर क्वायन को खोलें। चारों तरफ के फर्नीचर को जो कि मटर के करीब हो निकाल ले और एक एक बारीक रेगाम मटर पर रख दें फिर फर्नीचर को रेगाम के ऊपर रखते हुए फर्मे को कस लें। फर्मा प्रेस में रख कर आठ दस मर्तबा स्याही दे कर कुछ रद्दी कागजों पर टोन लें उसके बाद छापना शुरू करें। इस तौर में छपा हुआ कागज, वैसा ही मालूम होगा जैसे कि टाइपराइटर पर छपा हुआ हो।

सफेद स्याही से छापना

जब कभी सफेद स्याही से छापने की जरूरत पड़े तो कम्पोज़ करते वक्त यह खास तौर से खयाल रखना चाहिए कि बहुत छोटा टाइप या महीन बार्डर वगैरह इस्तेमाल न किया जाय वरना छपते वक्त भरने लगेगा। खुले हुए मेल का टाइप और वैसा ही बार्डर इस्तेमाल में लाना चाहिए। अक्सर एक मर्तबा में सफेद स्याही अच्छी नहीं छपती। इस हालत में जब सब कागज छप जाय तो दोबारा शुरू से फिर उसी पर छापना चाहिए। इसका ख्याल रहे कि पहला छपा हुआ सूख चुका हो। यह स्याही रोलर को गर्म कर देती है और इस वक्त मशीन हल्की चलानी चाहिए। सफेद स्याही को बहुत होशियारी से पतला करना चाहिए वरना उसकी सफेदी मारी जाती है। जाक व्हाइट स्याही सब से अच्छी होती है। पर यह लाल कागज पर सबसे खराब छपी हुई मालूम होती है, और अक्सर इसलिए सफेद की जगह एल्यूमीनियम की स्याही ज्यादा इस्तेमाल की जाती है। अगर एक ही काम को दो बार सफेद स्याही से छापा जाय और मेल का ख्याल रक्खा जाय तब भी सफेद स्याही का छपा हुआ खासा अच्छा मालूम होता है।

और सिलन्डर के घटने के, तथा उस जगह बाद कागज का एक पतली परत ऊपर चिपका दी जाय तो इसका असर यह होता है कि उस जगह कागज ज्यादा दबा रहता है और सिकुड़न नहीं आता।

परफोरेटिंग रूल का खड़ी करना

फर्मा कसने के बाद परफोरेटिंग रूल को खड़ा कर, मैटर से नीचा उस कायदे से लगाते हैं — फर्मे को ऊँचा कर फिर से कसें और ठोक कर बराबर करें। रूल कुछ नीचा हो जायगा और मैटर ऊँचा। फर्मे को प्रेस पर चढ़ावें और रूल के सामने सिलन्डर पर पतले बोर्ड की पट्टी चढ़ावें जिससे कि रूल कागज को छेद दें। यह तरीका इसलिए इस्तेमाल किया जाता है कि जिससे परफोरेटिंग रूल सिलन्डर को न काट डाले।


स्कोर करना या दाग डालना

बहुत से मोटे पेपर जो मोड़ दिये जाते हैं उनकी सफाई के साथ मोड़ना नामुमकिन होता है। उन कागजों को स्कोर करना चाहिए। ६-८ पाइंट मोटी २ प्वाइन्ट रूल उल्टा कर फर्मे में कस और प्रेस पर चढ़ा कर रोलर निकाल दें। दाब उतनी ही बढ़ावें जितने में रूल आप कागज में घुस जाय मगर काटे नहीं। किताब के पुट्ठे की भाँज के लिए भी जगह दाग की जरूरत पड़ती है और इसलिए भी रूल प्रेस। स्कोरिंग हमेशा कागज के ग्रेन की तरफ होता है।

टाइपराइटरनुमा छपाई

इस किस्म की छपाई करने के लिए उम्दा तरीका तो यह है कि फर्मे को मशीन में कसके प्रूफ उठाकर देख लें कि अच्छा और साफ छप

तरीका लिथो की छपाई का यह है कि, एक खास कागज़ पर बदामी रोशनाई से जो कि इसी काम के लिए बनती है लिखा जाता है। लिखने के बाद, एक साफ लिथो पत्थर पर वह कागज उलट कर रख दिया जाता है, और प्रेस में दबा कर खिसकाया जाता है। जब पत्थर पर सब लिखाई उतर आती है तो उस पत्थर पर हल्के तेज़ाब का मसाला चुपड़ दिया जाता है। इसका असर यह होता है कि जहाँ जहाँ स्याही पत्थर पर लगी होती है वह हिस्सा छोड़ कर बाकी पत्थर नीचा हो जाता है यानी तज़ाब खा जाता है। जिस स्याही से वह कागज़ लिखा जाता और पत्थर पर हरफ उतारे जाते हैं, उस स्याही पर इस तज़ाब का असर नहीं होता। जब यह तज़ाब अपना काम कर चुकता है तो उसके बाद गाद के पानी से पूरा पत्थर चुपड़ दिया जाता है जिसमें कि स्याही जहाँ लगी है वहीं रह जावे फैले नहीं और पत्थर के बारीक छेद भर जाय। लिथो की स्याही में और टाइप छापनेवाली स्याही में बहुत फर्क होता है। चूँकि छपते वक्त बनात चढ़े हुए रोलर हर बार पत्थर को गीला करते रहते हैं इसलिए स्याही सिवाय हरफों के और कहीं जमने नहीं पाती। लिथो छापने की मशीनों में दो किस्म के रोलर होते हैं। एक तो स्याही देते हैं और दूसरे पत्थर को नम करते हैं। इसके स्याही वाले रोलर सरेस के नहीं होते बल्कि चमड़े या रबर के होते हैं और नम करनेवाले रोलर पर बनात चढ़ी होती है। लिथो की छपाई में मेकरेडी वगैरह कुछ नहीं किया जाता। सिर्फ पत्थर



लिथो प्रेस

धारारा छापन क बवन पट्न छपा हुआ सूख जाना चाहिए।

ग्रीज ब्लू स्याही की खूबियाँ और एब

इस वा भारी खबी इस स्याहा में यह ह कि अगर कोई काली स्याही अच्छी तरह न छपती हो तो थोड़ा सी ग्रीज ब्लू उसको बिल्कुल ठीक कर देगा। जब कभी रगीन स्याहियों को गहरे रग का बनाना हो यानी कान्सामायल करना हो तो बजाय काला स्याही के उसमें ग्रीज ब्लू मिलान स अगली स्याही की चमक भी रह जायगी और स्याही को जल्दी सुखावगी। सबस बड़ा एब जो इस स्याही म ह वह यह कि कॉटन के ऊपर आर्ट पेपर पर इस स्याही से छापना नामुमकिन ह। फौरन यह स्याही कागज को नोचन लगती ह।

लिथो की छपाई

लिथो की छपाई टाइप की छपाई से बिल्कुल निराली होती ह। इसकी मशीन और छपाई का तरीका भी बिल्कुल दूसरा होता ह। १७९६ ईस्वी में म्यूनिच शहर में जो जमनी का एक सूबा ह एलाइस सनिफल्डर नाम का एक शख्स था जिसन लिथो की छपाई ईजाद की। इसका एक खास पत्थर होता ह जो एक तरफ स चिकना कर दिया जाता ह और उस पत्थर म यह खूबी होती ह कि, अगर वह पानी से तर कर दिया जाय तो लिथोवाली स्याही जिसमें कि चिकनाई होती ह उस पत्थर पर गीली जगह नही जमती। एक मामूली



लिथो की छपाई का तरीका

(१) टूटती कम है। (२) थोडा सा जगह में बहुत सी रक्खा जा सकती है। (३) सस्ती आती है। (४) हज़ारों कागज़ एक प्लेट से छप सकते हैं। (५) रोटरी मशीन में गोल सिलेण्डर पर कसी जा सकती है।

अगर पत्थर की जगह प्लेट से छापना हो तो उसके बनाने का तरीक़ा करीब करीब वैसा ही है जैसा पत्थर का होता है।

औफसेट की छपाई

लिथो और औफसेट में यह फ़र्क है कि लिथो में चद्दर या पत्थर से सीधा कागज़ पर छपता है और औफसेट में एल्यूमीनियम की चद्दर पर से हरफ़ रबर के रोलर पर उतर आते हैं और तब रबर के रोलर से कागज़ पर छपता है। जिन छापख़ानेवालों के पास कुछ भी पैसा है वह लिथो




हैरिस औफसेट प्रेस

मशीन के बजाय औफसेट मशीन इस्तेमाल करना पसन्द करते हैं। औफ़सेट मशीन में तीन सिलेण्डर बराबर के नाप के होते हैं। एक जिस पर प्लेट कसा जाता है, दूसरा जिस पर कि हरफ़ उतरते हैं और तीसरा जिसके सामने से कागज जाता है। रोलर वैसे ही होते हैं जैसे कि ३०

मशीन पर रख कर पिन ठीक बांध कर, स्याही और पानी ठीक करने के बाद छाप दिया जाता है।

अगर एक रंग के अलावा कई रंगों में छापना पड़ता है, इसका तरीका यह है। सब से पहले एक नक्शा उतारनेवाले कागज पर असली



रेडक्लिफ लिथोग्राफी मशीन


नक्शा उतार लिया जावे और जो जो रंग जहां जहां हों निशान बना दिए जावें। उसके बाद लिथो की स्याही में पत्थर पर यह पूरा नक्शा उतार लिया जाय। जितने रंग छापने हों उतने ही पत्थरों पर यह एकसा नक्शा उतार लिया जाय और जहां जहां रंग जिस जिस पत्थर पर लगना हो वहां निशान बना कर काम शुरू किया जाय। जब काम खत्म हो चुकता है तो पत्थर सफा कर लिया जाता है। इसके दो तरीके हैं।

(१) दो पत्थरों के बीच में गीली बालू छोड़ कर गोल गोल घुमाते हैं। (२) पत्थर को रख कर गोल चक्कर की मशीन में घिस लेते हैं। हालांकि लिथो की छपाई में पत्थर बहुत इस्तेमाल किया जाता है,

मगर एल्यूमीनियम और जस्त की चद्दरें भी इस्तेमाल की जाती हैं। इन चद्दरों के इस्तेमाल में कई फायदे हैं।

है और बुन्दियों की शकल में होते हैं मगर फोटोग्रेव्यार के ब्लाक या प्लेट में गड्ढे होते हैं। तसवीर को देखकर फ़ौरन समझ में आ जायगा। हाफ़टोन ब्लाक की बुन्दियों पर स्याही लगती है और फोटोग्रेव्यार ब्लॉक में गड्ढों में स्याही भरती है। इसके छापने की एक ख़ास मशीन होती है, और उसका छापने का उसूल यह है।

स्याहीदान में स्याही भरी जाती है। इसकी स्याही ख़ास और पतली होती है। दो सिलिंडर होते हैं। नीचे के सिलिंडर पर प्लेट कसा जाता है। ऊपर के सिलिंडर पर रबर पैकिंग चढ़ी रहती है। जब मशीन घूमती है स्याहीदान का रोलर प्लेट के ऊपर दबाकर उसके गड्ढों में




फोटोग्रेव्योर छापने की मशीन

स्याही भर देता है। जो स्याही गड्ढों के अलावा ऊपर चुपड़ जाती है उसको एक छुरी जिसको कि डाक्टर ब्लेड कहते हैं सिलेंडर के घूमते वक्त पोंछ डालती है, और यह पुँछी स्याही फिर स्याहीदान में लौटकर


किया मशीन के। जब मशीन चलती है प्लेट वाला सिलण्डर स्याही लेता है और फौरन रबरवाले सिलण्डर पर हरफ उतर आते हैं। जब कागज़ इस रबरवाले सिलण्डर और दाबवाले सिलण्डर के बीच में से दब कर निकलता है तो रबर पर छपे हुए हरफ कागज़ पर उतर आते हैं। आफसेट की छपाई में एक बड़ी खूबी है जो किसी में नहीं पाई जाती वह यह है कि कैसा ही रूखा खुरदरा और मोटा कागज़ हो महीन से महीन लाइनें और अच्छी से अच्छी रंगीन तसवीरें, साफ़ और खूबसूरत छपती हैं। इसकी छपाई में जस्ते की चहर ज्यादा इस्तेमाल होती है।

फोटोग्रेव्योर या इन्तागिल्यो की छपाई

फोटोग्रेव्योर या इन्तागिल्यो के छापने का तरीका बाद या कापर प्लेट के उसूल पर होता है। यानी इसका प्लेट हाफटोन के खिलाफ गड्ढेदार बनाया जाता है। हाफटोन में छपनेवाले हिस्से उभरे होते




१ हाफटोन



२ इंतागिल्यो या फोटोग्रेव्योर

हैं और बुंदकियों की शक्ल में होते हैं मगर फोटोग्रेव्योर के ब्लाक या प्लेट में गड्ढे होते हैं। तसवीर को देखकर फौरन समझ में आ जायगा। हाफटोन ब्लाक की बुंदकियों पर स्याही लगती है और फोटोग्रेव्योर ब्लाक में गड्ढों में स्याही भरती है। इसके छापने की एक ख़ास मशीन होती है और उसका छापने का उसूल यह है।

